


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



करण जौहर की रॉकी और रानी ...8






दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शनिवार, 12 अगस्त 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 233 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# सीएम योगी का अखिलेश यादव पर निशाना

## बोले– जो चांदी के चम्मच से खाते हैं, उन्हें जमीनी मुद्दों की जानकारी नहीं




लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ विपक्ष पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं विपक्ष का भाषण सुन रहा था। उसके बाद मुझे एहसास हुआ कि 2014, 2017, 2019 और 2022 में जनता का जनादेश अकारण नहीं था। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विपक्ष को जमीनी मुद्दों की जानकारी नहीं है। जो लोग चांदी के चम्मच से खाना खाते हैं, वे गरीबों, किसानों और दलितों का दर्द नहीं समझेंगे। एन्सेफलाइटिस पर पर बोलते हुए योगी ने समाजवादी पार्टी को घेरा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश में चार बार सीएम के रूप में काम करने का मौका मिला। आपने इतने समय तक क्या किया? आपने उनके लिए कोई समाधान नहीं निकाला। शिवपाल यादव के साथ अन्यायः योगी ने साफ तौर पर कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारी पहली कार्यकाल ने ही इंसेफेलाइटिस को खत्म किया है...इंसेफेलाइटिस समाप्त, घोषणा होनी बाकी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शिवपाल यादव के साथ अन्याय हुआ है। वह कभी भी शिवपाल यादव की कीमत नहीं समझेंगे। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि केंद्र (और राज्य) में भाजपा की डबल इंजन सरकार 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद खुद को दोहराएगी। योगी ने कहा, ॑विपक्ष को अपना रास्ता तय करना चाहिए। 2024 में डबल इंजन सरकार फिर से दोहराई जाएगी। समाजवादी पार्टी 2024 में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी।॓ आवारा पशु पर बोलते हुए योगी ने कहा कि जिस सांड की आप बात कर रहे हैं वो इसी का हिस्सा है। ये पशुधन का पार्ट बना हुआ है। आपके समय में ये बूचढ़खाने मे जाते थे।

अखिलेश का वारः इससे पहले आज, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पार्टी अब ॑नफरत और भ्रष्टाचार॓ से जानी जाती है। उन्होंने कहा कि ये(भाजपा सरकार) चाल, चरित्र और चेहरे से पहचान बनाने का दावा करते थे और आज पहचान बन गई है नफरत, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और महंगाई से...एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था किसानों की मदद के बिना और कृषि क्षेत्र में सुधार के बिना कैसे संभव है? यादव ने कहा कि नेता सदन के कार्यालय में काम करने वाले एक कर्मचारी की गाड़ी एक जानवर से टकराने से जान चली गई...अगर उनके लिए सुरक्षा नहीं है तो आम जनता के लिए क्या सुरक्षा है... हर दूसरे दिन हम सोशल मीडिया पर वीडियो देखते हैं कि गली में ॑सांड॓ ने एक महिला, बच्चे या बुजुर्ग को उठा कर फेंक दिया।

# नूह में विध्वंस अभियान के दौरान पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया : हरियाणा सरकार



चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने हिंसा प्रभावित नूंह जिले में विध्वंस अभियान चलाने से पहले ''पूरी प्रक्रिया'' का पालन किया और कहा कि यह जातीय नरसंहार का मामला नहीं है। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने सोमवार को विध्वंस अभियान को रोकने का आदेश देते हुए कहा था ''स्पष्ट रूप से बिना किसी विध्वंस आदेश और नोटिस के कानून–व्यवस्था की समस्या का इस्तेमाल कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन किए बिना इमारतों को गिराने के लिए किया जा रहा है।'' मामला शुक्रवार को सुनवाई के लिए आने पर सरकार ने अदालत को बताया कि ''यह जातीय सफाए का मामला कतई नहीं है''। राज्य के अतिरिक्त महाधिवक्ता दीपक सभरवाल ने अदालत परिसर के बाहर पत्रकारों से कहा, ''हमने अदालत को अवगत कराया है कि यह जातीय सफाए का मामला नहीं है और सरकार कभी भी इस तरह से काम नहीं करती। हमारे (सरकार के) लिए सभी समान हैं। विध्वंस से पहले पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया था।'' इस महीने की शुरुआत में नूंह में अधिकारियों ने ''अवैध रूप से निर्मित'' कई संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया था। यह कार्रवाई नूंह में भड़की और गुरुग्राम तक फैली सांप्रदायिक झड़पों में दो होम गार्ड और एक मौलवी सहित छह लोगों की मौत के बाद की गई।

# अपनी बात रखना विपक्ष का अधिकार

## नीतीश का पीएम मोदी पर निशाना, कहा– सदन चलता है, वो घूमते रहते हैं



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वे केवल प्रचार में विश्वास करते हैं और पार्टी का आम लोगों के लिए कल्याण कार्य करने का कोई इरादा नहीं है। मुख्यमंत्री ने मणिपुर जातीय हिंसा पर बयान नहीं देने के लिए नरेंद्र मोदी की भी आलोचना की। मोदी पर निशाना साधते हुए नीतीश ने कहा कि नई दिल्ली में संसद चल ॑रही थी और पीएम नरेंद्र मोदी संसद में मौजूद नहीं थे। ऐसी बात पहले कभी नहीं हुई होगी। अटल जी के कार्यकाल में जब मैं केंद्र सरकार में था तो सभी लोग सदन के अंदर रहते थे। अपने बयान में नीतीश ने कहा कि काम नहीं हो रहा है। उन जगहों पर कोई बयान नहीं जहां घटनाएं हुईं।

### मोदी का विपक्ष पर निशाना

*अविस्वास प्रस्ताव पर संसद में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं विपक्ष के साथियों के प्रति संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। कुछ ही दिन पहले बंगलुरू में आपने मिल–जुलकर करीब 1.5–2 दशक पुराने ॑न्च। का क्रिया कर्म किया है, उसका अंतिम संस्कार किया है। लोकतांत्रित व्यवहार की मुताबिक मुझे आप लोगों को सहानुभूति व्यक्त करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि मैंने संवेदना व्यक्त नहीं की क्योंकि आप लोग जश्न मना रहे थे। जश्न क्यों मना रहे थे क्योंकि आप लोग खंडहर पर प्लास्टर लगा रहे थे। दशकों पुरानी खटारा गाड़ी को ॑म्ट दिखाने के लिए कितना बड़ा मजबा लगाया था। आप (विपक्ष) जिसके पीछे चल रहे हैं उनको इस देश की जुबान, इस देश के संस्कार की समझ नहीं है। पीड़ी दर पीड़ी यह लोग लाल और हरी मिर्च में अंतर नहीं समझ पाए।*

# ऑनलाइन गेमिंग, कसीनों, घुड़दौड़ क्लबों पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने संबंधी विधेयक लोकसभा में पेश




नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच 'केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023' और 'एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023' पेश किये गए। इसके माध्यम से ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ क्लबों में दांव पर लगाई जाने वाली पूरी राशि पर 28 प्रतिशत कर लगाने के लिए जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) कानूनों में बदलाव का प्रस्ताव किया गया है। निचले सदन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उक्त विधेयकों को पेश किया। इस दौरान विपक्षी सदस्य कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी निलंबित करने और मणिपुर के मुद्दे पर नारेबाजी कर रहे थे। शुक्रवार को संसद के मानसून सत्र का आखिरी दिन है। सीजीएसटी और आईजीएसटी कानूनों में संशोधन संसद में पारित होने के पश्चात राज्यों को संबंधित विधानसभाओं से राज्य जीएसटी कानून में ऐसे ही संशोधनों को मंजूरी लेनी होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को ही इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इससे पहले जीएसटी परिषद ने केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) अधिनियमों में संशोधन को पिछले सप्ताह मंजूरी दी थी। जीएसटी परिषद ने दो अगस्त को अपनी 51वीं बैठक में कसीनो, घुड़दौड़ और ऑनलाइन गेमिंग में आपूर्ति पर कराधान स्पष्ट करने के लिए सीजीएसटी अधिनियम 2017 की अनुसूची तीन में संशोधन की सिफारिश की थी। परिषद ने विदेशी संस्थाओं द्वारा प्रदान किए गए ऑनलाइन मनी गेमिंग पर जीएसटी तय करने के लिए आईजीएसटी अधिनियम, 2017 में एक प्रावधान डालने की भी सिफारिश की है। ऐसी संस्थाओं को भारत में जीएसटी पंजीकरण प्राप्त करना आवश्यक होगा। यह ऑनलाइन गेमिंग, ऑनलाइन मनी गेमिंग, ऑनलाइन गेम के भुगतान के लिए उपयोग की जाने वाली डिजिटल संपत्तियों और ऑनलाइन गेमिंग के मामले में आपूर्तिकर्ताओं को परिभाषित करेगा।

# विधायक डा. नीरज बोरा ने सदन में उठाया मामला

लखनऊ। राजधानी में 18 मीटर से अधिक चौड़े मार्ग पर स्थित भवनों को व्यावसायिक किये जाने और कम चौड़ाई वाले मार्ग के भवनों में भूभाग का कम से कम 25 प्रतिशत स्वरोजगार के लिये व्यावसायिक उपयोग किये जाने का विषय आज लखनऊ उत्तर के विधायक डा. नीरज बोरा ने उठाया। नियम 51 के अन्तर्गत अध्यक्ष ने इस पर सरकार का ध्यानाकर्षण कराया है। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार से समाज के हर वर्ग को संरक्षण मिला है और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे छोटे, मझोले व्यापारियों व उद्यमियों को भी संजीवनी मिली है। सरकार सदैव कुटीर उद्योगों को संरक्षण व बेरोजगारों को स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहन भी देती आ रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जनसामान्य को आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने के समय यह अनुभव हुआ था कि अस्पताल, मेडिकल स्टोर एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं आबादी क्षेत्र में होनी चाहिए। बढ़ती आबादी और जनसंख्या घनत्व के दृष्टिगत यह आवश्यक और अपरिहार्य भी है। लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में आवासीय भवनों में चल रही व्यावसायिक दुकानों के भू–उपयोग को लेकर आवास नीति के कतिपय प्रावधानों में आवश्यक बदलाव की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस की जा रही है।

# अधीर रंजन चौधरी के निलंबन के खिलाफ इंडिया का मार्च, राहुल भी रहे मौजूद, खड़गे का सरकार पर निशाना




नई दिल्ली। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने लोकसभा से कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के निलंबन के खिलाफ सांसदों ने लोकसभा की कार्यवाही का बहिष्कार किया। इसके साथ ही विपक्षी सांसदों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा तक मार्च किया। इस मार्च में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी मौजूर रहे। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस दौरान कहा कि वे लोकतंत्र को दबाना चाहते हैं और संविधान के अनुसार काम नहीं करना चाहते हैं। यही कारण है कि, सभी दलों के हम सभी लोग यहां विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम उनके अवैध कार्यों के खिलाफ लड़ना जारी रखेंगे। लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हम संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह लड़ेंगे। फिलहाल लोकसभा की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। लोकसभा में शुक्रवार को विपक्षी दलों के सदस्यों ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के निलंबन और मणिपुर के मुद्दे को लेकर हंगामा किया। इसकी वजह से सदन की कार्यवाही बाधित हुई। सदन की कार्यवाही आरंभ होने के साथ ही कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने चौधरी के निलंबन का विषय उठाने का प्रयास किया। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से यह कहते सुना गया कि चौधरी ने आसन के साथ हमेशा सहयोग किया है। शोर–शराबे के बीच लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने प्रश्नकाल शुरू करने के लिए कहा। लेकिन विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। लोकसभा में अधीर रंजन चौधरी के निलंबन के बारे में पूछे जाने पर, रक्षा और पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि पीएम को गाली देना और उनके बारे में गलत बातें कहना सही नहीं है। इस निलंबन के लिए विपक्ष को दोषी ठहराया जाना चाहिए। वे गलतियाँ कर रहे हैं और फिर दिखाने के लिए॑ वे खुद अच्छे हैं, वे संसद को चलने नहीं दे रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में लैंगिक हिंसा पर नाराजगी जताई



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मणिपुर में सांप्रदायिक हिंसा और संघर्ष के दौरान जिस तरह से महिलाओं को यौन हिंसा के गंभीर कृत्यों का सामना करना पड़ा है, उस पर उसे अपनी नाराजगी जतानी चाहिए। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने अपने फैसले में कहा, महिलाओं को यौन अपराधों और हिंसा के अधीन करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है और यह गरिमा, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और स्वायत्तता के संवैधानिक मूल्यों का गंभीर उल्लंघन है, ये सभी संविधान के भाग–ढ्ढढ्ढढ्ढ के तहत मूल मौलिक अधिकारों के रूप में संरक्षित हैं। फैसला गुरुवार देर रात अपलोड किया गया। पीठ ने कहा कि भीड़ आमतौर पर कई कारणों से महिलाओं के खिलाफ हिंसा का सहारा लेती है, जिसमें यह तथ्य भी शामिल है कि अगर वे एक बड़े समूह के सदस्य हैं तो वे अपने अपराधों के लिए सजा से बच सकते हैं।






# भारत को खत्म कर दिया गया, राहुल का केंद्र पर निशाना, मणिपुर जल रहा है और पीएम अपने भाषण में बार–बार हंस रहे



नई दिल्ली।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को लेकर उन पर हमला बोलते हुए कहा कि वो अपने भाषण के दौरान लगातार हंस रहे थे। मणिपुर में महीनों से आग लगी है। जो मैंने मणिपुर में सुना और देखा वो पहले नहीं देखा। राहुल गांधी ने अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैंने संसद में बोला कि प्रधानमंत्री ने भारत माता की हत्या की है। मणिपुर में भारत को खत्म कर दिया है। मैंने ऐसे नहीं बोला था। ये खोखले शब्द नहीं हैं, मैं आपको समझाता हूं कि ये क्यों बात है। ये राहुल और कांग्रेस की बात नहीं है बल्कि देश की बात है।

आज एक स्टेट नहीं दो स्टेट हैंः जब हम मणिपुर पहुंचे। जब हम मैतई एरिया में गए। हमें साफ कहा गया था कि आपकी सिक्योरिटी डिटेल में कोई भी कुकी होगा। उसको यहां मत लाइए क्योंकि हम उसको मार देंगे। जब हम कुकी के एरिया में गए तो हमें कहा गया कि कोई भी मैतेई आपकी सिक्योरिटी में होगा उसे आप मत लाइए उसे हम गोली मार देंगे। जब हम गए तो हमें मैतेई और कुकी को परे करना पड़ा। आज एक स्टेट नहीं दो स्टेट हैं। स्टेट की हत्या कर दी गई है। उसको चीर दिया गया है। इसलिए मैंने बोला कि हिन्दुस्तान की हत्या मणिपुर में बीजेपी ने कर दी है।

प्रधानमंत्री हँस रहे थे, चुटकुले सुना रहे थेः कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि कल पीएम मोदी ने संसद में करीब 2 घंटे 13 मिनट तक बोला। अंत में उन्होंने मणिपुर पर 2 मिनट तक बात की।

### प्रधानमंत्री मणिपुर को जलाना चाहते हैं

राहुल ने कहा कि जब मैंने प्रधानमंत्री को हंसते हुए और मजाक उड़ाते हुए देखा मैं समझ नहीं पा रहा था कि हिन्दुस्तान का प्रधानमंत्री इस प्रकार से कैसे बोल सकता है। पता नहीं लग रहा है कि हमारे देश में क्या हो रहा है। वो नहीं जा सकते हैं वहां उसके भी कारण हैं। छोड़िए मैं बता नहीं सकता। लेकिन अगर जा नहीं सकते हैं तो मणिपुर के बारे में बोले तो। राहुल ने कहा कि मणिपुर में जो हो रहा है हिन्दुस्तान की सेना उसको दो दिन में रोक सकती है। अगर हिन्दुस्तान की आर्मी को कहा गया कि ये तमाशा बंद करो तो दो दिन में ये तमाशा बंद हो जाएगा। प्रधानमंत्री मणिपुर को जलाना चाहते हैं, आग बुझाना नहीं चाहते हैं।

# जन समस्याओं को लेकर मंत्री से मिले विधायक विनय वर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने शुक्रवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ऊर्जा व नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मिलकर क्षेत्र में आरईडी व बिजली की सुविधाओं में वृद्धि हेतु मुलाकात की। प्रदेश सरकार के दोनों वरिष्ठ मंत्रियों ने सुविधाओं के विस्तार पर विचार करने का आश्वासन दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने मानसून सत्र के दौरान शुक्रवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर उनसे क्षेत्र में चार सड़कों बढ़नी ब्लाक के खैरी शीतल प्रसाद के मुरव्वनडीह मार्ग, तुलसियापुर में फैसल एजुकेशनल सोसायटी मार्ग, औदही कलां में मार्ग व बढ़नी से बैरिहवा मार्ग के निर्माण की ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के द्वारा निर्माण करवाए जाने की मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा। जिसपर उपमुख्यमंत्री ने मार्ग के निर्माण का आश्वासन दिया। इसके बाद विधायक प्रदेश के ऊर्जा व नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मिलकर उनसे ढ़ेबरुआ पावर हाउस की क्षमता में वृद्धि कर 132 केवी का करने की मांग किया। इसके अलावा उन्होंने मंत्री को गनेशपुर से तुलसियापुर के बीच नए पावर हाउस के निर्माण के लिए मांगपत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि ढ़ेबरुआ पावर हाउस पर अत्यधिक भार होने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। इसलिए नए पावर हाउस के निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है। ऊर्जा मंत्री ने दोनों मांगों के जांच करवाने और उसे पूरा करवाने का आश्वासन दिया है।



# बूथ करो मजबूत अभियान मे मज़बूती से लगे बसपा कार्यकर्ता: इंद्रजीत

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागज,सिद्धार्थनगर। बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता अपना अपना बूथ करो मजबूत अभियान में लग जाये आने वाला लोकसभा चुनाव हर हाल में बसपा को जीताना है डुमरियागज विधानसभा के ग्राम पटखौली अमौली आदि गांव मे चौपाल के दौरान कही गई। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व मंडल जोन इंचार्ज इंद्रजीत गौतम ने सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक चुस्त दुरूस्त करने की जरूरत है कमेटी मे नई जनरेशन को काम करने का मौक़ा दे तभी पार्टी ज्यादा मजबूत होगी जब बूथ कमेटी मजबूत होगी तभी पार्टी लोकसभा चुनाव जीतेगी। बैठक को संबोधित करते जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने कहा बसपा के सरकार मे किये गये जनकल्याण काणी कामो को गांव गांव तक पहुंचाने की जरूरत है सर्व समाज को बताना होगा की सभी जाति धर्मों के मानने वाले लोगों को सम्मान व सुरक्षा बसपा की सरकार मे था जाति धर्म की राजनीति करने वाले लोगों से सावधान रहें। बैठक का संचालन जिला सचिव विजयपाल कन्नौजिया व अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष घनश्याम गौतम ने किया। बैठक मे मुख्य रूप से महताब अहमद, मोहम्मद कैफ, विनोद कुमार राव, रंजीत कुमार गौतम, सूर्यपाल आर्य, अमरपाल, झीरीराम बाबू, अशोक कुमार बौध्द डा, शीश कुमार बौध्द सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# हत्या के चार दोषियों को आजीवन कारावास सहित एक लाख रुपये का अर्थदण्ड

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने हत्या के दोषियों आनन्द प्रकाश, सुरेन्द्र, कमला प्रसाद एवं मनोज को आजीवन कारावास से दण्डित करते हुए उनके ऊपर एक लाख रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है। घटना थाना बांसी क्षेत्र के ग्राम समोगरा में 21 अगस्त 2017 को घटी थी। मृतक रमेश के पिता शिवराज द्वारा दी गयी तहरीर के अनुसार सुबह 5 बजे शौच के लिए जा रहे समोगरा निवासी रमेश पुत्र शिवराज को पुरानी रंजिश की वजह से उनके चचेरे भाई आनन्द प्रकाश, कमला प्रसाद पुत्र श्यामराज व चचेरे भतीजे सुरेंद्र पुत्र आनन्द प्रकाश, मनोज पुत्र कमला प्रसाद ने रास्ते में घेरकर कुल्हाड़ी व वोगदा से मार कर हत्या कर दिया था। पुलिस ने हत्या के अपराध में नामजद अभियुक्तों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना किया। विवेचक ने दौरान विवेचना अभियुक्त कमला प्रसाद व मनोज का नाम निकालकर सिर्फ अभियुक्त आनन्द प्रकाश व सुरेंद्र के विरुद्ध न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। न्यायालय ने घटना का संज्ञान लेकर विचारण प्रारम्भ किया और विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत गवाहियों व जिरह के आधार पर मृतक के पिता द्वारा दिये गए आवेदन पर संज्ञान लेते हुए जिन अभियुक्तों कमला प्रसाद व मनोज का नाम आरोप पत्र से विवेचक ने निकाल दिया था उन्हें भी विचारण हेतु तलब किया और आरोप विरचित करके उनका भी विचारण किया। विचारण की समाप्ति के बाद दोनों पक्षों की बहस सुनकर न्यायालय ने विचारण के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, बरामदगी एवं मामले के तथ्यों व परिस्थितियों का सम्यक परिशीलन करते हुए हत्याभियुक्त आनन्द प्रकाश, कमला प्रसाद, सुरेन्द्र व मनोज को हत्या के अपराध का दोषी करार दिया और सजा के बिंदु पर सुनवाई कर उन्हें आजीवन कारावास से दण्डित करते हुए उनपर एक लाख रुपए का अर्थदण्ड भी अधिरोपित किया। न्यायालय ने आदेश दिया कि अर्थदण्ड का 60 फीसदी हिस्सा बतौर क्षतिपूर्ति मृतक की पत्नी पीड़िता सोना देवी को दिया जाय। राज्य सरकार की तरफ से पीड़ित पक्ष की पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चन्द्र दूबे ने करते हुए हत्या के दोषियों को न्यायालय से सजा दिलवाया।

# गांव की समस्या, गांव में ही समाधान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नौगढ़ विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत कपिया बुकनिहा ग्रांट में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। सहायक विकास अधिकारी पंचायत आसुतोष मिश्रा ने कहा कि गांव की समस्या, गांव में समाधान के तहत कार्यक्रम चल रहा हैं। जिसमे ग्रामीणों की आठ अमस्याओ का समाधान किया गया। शेष मामलों का समाधान जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है। सफाई देख भड़क गए और सफाई कर्मियों की क्लास लगाई। एडीओ पंचायत ने ग्राम सभा मे हुए विकास कार्यो के बारे ग्रामीणों से वार्ता किया। एक एक कार्य पूर्ण होने की जानकारी लिया लेते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण हुआ है, जिसका प्रयोग करना चाहिए। खुले में शौच जाने से तमाम प्रकार की बीमारी फैलती हैं। घरों के आस पास सफाई रखना चहिए। गंदा पानी घर के पास इकट्ठा नही होने देना चाहिए। ग्राम सचिव सनन्दन लाल यादव ने कहा कि ग्राम सभा मे पीएम सम्मान निधि, पेंशन, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र की जो भी समस्या होगी गांव में ही समाधान किया जाएगा। किसी भी ग्रामीण को परेशान नही होना पड़ेगा। इस अवसर पर समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाए जाने के बारे अनेको प्रकार कब योजनाओं की जानकारी दिया गया। प्रधान राम नरेश यादव, ई. दिलीप श्रीवास्तव, ब्लाक समन्यवक रजनीश त्रिपाठी, लेखपाल दिलीप चौरसिया, . षि विभाग से ज्ञान सिंह, ध्रुव कुमार, रमेश यादव, उपेंद्र कुमार, कमलेश यादव, जगपति, शिवपूजन, गोविंद, नईम खान, मोहम्मद अफसर, राम सवारे, मनीषा, सुभागी देवी, गायत्री सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



# सरौली ग्राम पंचायत में लगा आजादी के अमृत महोत्सव का शिलालेख

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका,सिद्धार्थनगर। शासन के निर्देश के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में बोर्ड लग रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सरौली में स्थित प्राथमिक विद्यालय सीतारामपुर के प्रांगण में ग्राम प्रधान जयप्रकाश द्वारा ग्रेनाइट पर संदेश लिखा बोर्ड लगवाया। बोर्ड पर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री का संदेश एक एक दिन, समय का प्रत्येक क्षण, जीवन का प्रत्येक कण, मातृभूमि के लिए जीना और तभी आजादी के दीवानों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। और मातृभूमि की स्वतंत्रता और उसके गौरव की रक्षा के लिए बलिदान हुए वीरों को शतशत नमन लिखा है। ब्लॉक के सभी 49 ग्राम पंचायतों में इस बोर्ड को लगाने का निर्देश उच्च अधिकारियों द्वारा गया है।




# नवागत वीडियो का पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों ने किया स्वागत

## शुक्रवार को भनवापुर वीडियो धनंजय सिंह ने किया ज्वाइन

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। भनवापुर ब्लाक परिसर में स्थित वीडियो कार्यालय में पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों ने नवागत वीडियो का स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित किया। शुक्रवार को भनवापुर के नवागत वीडियो धनंजय सिंह का भनवापुर के ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सेवक संघ के पदाधिकारियो ने बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान वीडियो धनंजय सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्य तेजी से हो यही हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।इस दौरान विवेक कुशवाहा, हरिराम, प्रतीक रावत, रामसागर, धीरेंद्र सिंह, राजकुमार चौधरी, अजय यादव, नीरज तिवारी, नीरज उपाध्याय, अखिलेश श्रीवास्तव, अशोक कुमार, ओम प्रकाश, नीरज मिश्रा, शेषराम यादव, प्रभुनाथ यादव आदि मौजूद रहे।



# नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी का प्राथमिक मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ का प्रतिनिधि ने किया स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। कटरा बाजार के नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी सीमा पांडेय का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ का प्रतिनिधि ने स्वागत करऔपचारिक मुलाकात की। गोंडा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के मण्डल अध्यक्ष उमेश प्रताप मिश्र व प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष/जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियो के साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी सीमा पांडेय से औपचारिक मुलाकात कर स्वागत किया उक्त अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष अवधेश कुमार शुक्ला काली प्रसाद मिश्र श्याम बिहारी श्रीमती पूनम सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भव्य झंडारोहण कार्यक्रम हेतु बैठक कर बनाई गई रणनीति

## अमरमणि दुबे व राजन पाण्डेय रत्न के गीतों से स्थानीय अमरगढ़ के शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजली– राघवेन्द्र प्रताप सिंह





दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। वृहस्पतिवार की शाम पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने हनुमानगढ़ी मंदिर बजरंगी चौक बेवां पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमरगढ़ स्मृति वाटिका बजरंगी चौक में भव्य झंडारोहण कार्यक्रम हेतु जिम्मेदारों के साथ तैयारी बैठक कर रणनीति बनाई। इस दौरान उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी सुजीत राय के साथ कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। बैठक में पूर्व विधायक ने झंडारोहण कार्यक्रम हेतु आवश्यक तैयारी पर चर्चा कर लोगों को जिम्मेदारियां दीं और कार्यक्रम की सफलता हेतु रणनीति बनाकर सभी से कार्यक्रम की तैयारी से जुट जाने का आवाहन किया। राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहां कि अमरगढ़ के स्थानीय शहीदों के सम्मान व श्रद्धांजलि अर्पित करने के क्रम में हर वर्ष की तरह इस बार भी 15 अगस्त 2023 को भव्य झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। कार्यक्रम में अमरमणि दुबे व राजन पाण्डेय रत्न की टीम द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया कि विगत वर्षों की भांति इस बार भी हर मोहल्ले व गांव–गांव के प्रमुख चौराहों से रैली निकालकर सुबह 9.00 बजे बजरंगी चौक पर पहुंचकर ऐतिहासिक व भव्य झंडारोहण करने का लक्ष्य है। उक्त कार्यक्रम में उन्होंने सभी से भारी से भारी संख्या में सम्मलित होने का आवाहन किया। उन्होंने सभी से लोकतंत्र के इस राष्ट्रीय पर्व में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का आवाहन किया हैं। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सुजीत राय, धर्मराज वर्मा, चन्द्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, समाजसेवी रमेश लाल श्रीवास्तव, दरोगा दुबे, सियाराम, शिवकुमार, धर्मेश पाण्डेय, प्रेम पाण्डेय, शत्रुहन सोनी, राजन अग्रहरि, बब्लू मिश्रा, हरिनेवास आदि सहित भारी संख्या में स्थानीय व्यापारी, समर्थक, भाजपा, हियुवा अन्य राष्ट्रवादी, हिंदुत्ववादी संगठन के लोग उपस्थित रहें।

### चप्पे चप्पे पर होगी पुलिस की निगरानी: सुजीत राय

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त को बजरंगी चौक बेवां पर होने वाले झंडारोहण कार्यक्रम से पहले पुलिस क्षेत्राधिकारी सुजीत राय ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि हर बार की तरह इस बार पुलिस की व्यवस्था चाक चौबंद रहेंगी तथा चप्पे चप्पे पर पुलिस की निगरानी होगी। उन्होंने सभी से यातायात के नियमों का पालन करने का आवाहन किया हैं।

# महेश कुमार प्रभारी तहसीलदार सदर बनाये गए

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने नायब तहसीलदार नौगढ़ महेश कुमार को प्रभारी तहसीलदार नौगढ़ नियुक्त किया है। इसी प्रकार नायब तहसीलदार इटवा देवेन्द्र मणि त्रिपाठी को प्रभारी तहसीलदार इटवा नियुक्त किया है। मालूम हो तहसीलदार नौगढ़ रहे रामऋषि रमन व तहसीलदार इटवा रहे धर्मवीर भारती का स्थानांतरण गैर जनपद हो जाने के कारण पद रिक्त था। प्रभारी तहसीलदार नौगढ़ कार्यभार ग्रहण कर लिए हैं।



# राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन अजीवका के तहत किया गया झंडा वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका,सिद्धार्थनगर। मेरा देश मेरा माटी कार्यक्रम के तहत उसका ब्लॉक परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा झंडा वितरण किया गया इसका उद्घाटन खंड विकास अधिकारी श्याम मुरली मनोहर मिश्र ने किया। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि मेरा माटी मेरा देश, हर घर तिरंगा के तहत सभी ग्राम प्रधानों को झंडा वितरण किया गया है आने वाले 15 अगस्त के दिन सभी ग्राम प्रधान अपने अपने ग्राम पंचायत में झंडा रोहण करेंगे। इस क्रम में संतोष कुमार गुप्ता, पंकज, कपिल कुमार, अजीत कुमार एवं सभी ग्राम प्रधान मौजूद रहे।



## सम्पादकीय

# जारी है राहुल की भारत जोड़ो यात्रा!

**दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं के एक समूह ऐसा है, जो चाहता कि राहुल अब यात्रा पर न निकलें क्योंकि पहली यात्रा से ही इसका मकसद पूरा हो गया है। उनका कहना है कि नवंबर में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं, जिनमें से तीन बड़े राज्यों– राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना से राहुल अपनी पहली यात्रा में गुजरे हैं और वहां उनके चुनाव...**



कांग्रेस में इस बात को लेकर दुविधा है कि राहुल गांधी एक और यात्रा पर निकलें या लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाएं और उस पर अमल कराएं। ध्यान रहे राहुल की दक्षिण से उत्तर की पहली यात्रा पूरी हुई थी उसके बाद कहा गया था कि वे पूरब से पश्चिम की यात्रा पर निकलेंगे। असम या अरुणाचल प्रदेश से शुरू करके गुजरात तक की यात्रा की एक रूप–रेखा बनी थी। जानकार सूत्रों के हवाले से बताया गया था कि अक्टूबर में यह यात्रा शुरू हो सकती है। हालांकि अभी तक इस यात्रा को लेकर ठोस जानकारी नहीं है। इस बीच कांग्रेस की ओर से ऐसा संकेत दिया जा रहा है कि शायद यात्रा न हो क्योंकि कांग्रेस राहुल के अलग अलग समूहों से मुलाकात को भारत जोड़ा यात्रा का ही विस्तार बता रही है। पिछले दिनों राहुल गांधी दिल्ली की आजादपुर सब्जी मंडी में गए थे, जहां उन्होंने आढ़तियों, मजदूरों, किसानों, कारोबारियों से मुलाकात की। इसे लेकर कांग्रेस ने ट्विट किया तो उसमें लिखा कि भारत जोड़ो यात्रा जारी है। इससे पहले राहुल गांधी हरियाणा के किसानों से मिले थे। दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में छात्रों से मिले थे। दिल्ली यूनिवर्सिटी में जाकर भी छात्रों से मुलाकात की थी। एक दिन वे गैराज में चले गए थे, जहां मोटर मैकेनिकों से मुलाकात की। उससे पहले वे ट्रक में बैठ कर अंबाला से चंडीगढ़ गए थे और ट्रक ड्राइवरों से बात की थी। ये सब काम उन्होंने यात्रा के बाद किए हैं। कांग्रेस ने इन्हें भारत जोड़ो यात्रा बता रही है। इसके बावजूद कांग्रेस के जानकार सूत्रों का कहना है कि पार्टी नेताओं का एक समूह चाहता है कि राहुल यात्रा पर निकलें। पहली यात्रा से कांग्रेस को चुनावी फायदा हुआ है और सबसे बड़ा फायदा राहुल गांधी की छवि बदलने में हुआ है। अब उनको अहंकारी कहा जा रहा है, चीन का एजेंट कह कर हमला किया जा रहा है, परिवारवादी बताया जा रहा है लेकिन पप्पू नहीं कहा जा रहा है। सोशल मीडिया में भी राहुल को पप्पू कहने का चलन अब लगभग बंद हो गया है। यह यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि आम लोग राहुल को गंभीरता से लेने लगे हैं। सो, दूसरी यात्रा से उनकी छवि और मजबूत होने की बात कही जा रही है और साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि जब यात्रा खत्म होगी तब लोकसभा चुनाव की घोषणा होने वाली होगी। उसमें कांग्रेस को इस यात्रा से बड़ा फायदा हो सकता है। दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं के एक समूह ऐसा है, जो चाहता कि राहुल अब यात्रा पर न निकलें क्योंकि पहली यात्रा से ही इसका मकसद पूरा हो गया है। उनका कहना है कि नवंबर में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं, जिनमें से तीन बड़े राज्यों– राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना से राहुल अपनी पहली यात्रा में गुजरे हैं और वहां उनके चुनाव प्रचार में जाने का कांग्रेस को फायदा होगा। अगर वे अक्टूबर में यात्रा पर निकलेंगे तो ये तीनों राज्य छूट जाएंगे। इसी तरह उनको लोकसभा चुनाव की रणनीति बनने और विपक्षी गठबंधन की पार्टियों के साथ तालमेल की बात करने के लिए भी उपलब्ध रहना होगा। कुछ चुनिंदा राज्यों की यात्रा पर निकलने की बजाय लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिहाज से सभी राज्यों का दौरा करना चाहिए।

# बाबा विश्वनाथ से सुशोभित अविनाशी काशी की पुण्यधारा



काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ के रूप में भगवान शिव विराजमान हैं। बाबा विश्वनाथ उत्तर भारत के सनातन हिन्दू जनता के गले के कंठहार हैं। गंगा मैया बाबा विश्वनाथ के पश्चिमी तट पर स्थित हैं। गंगा मैया भारत के लिए वरदान हैं और भगवान बाबा विश्वनाथ भारतीय जनता के संकट मोचक हैं। बाबा की महिमा निराली है। बाबा विश्वेश्वर काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रमुख देवता हैं। विश्वेश्वर का अभिप्राय विश्व के ईश्वर अर्थात ब्रह्मांड के भगवान यानी कि ब्रह्मांड के रचयिता जो हैं वे बाबा विश्वनाथ हैं। बनारस के विश्वनाथ गली में बाबा विराजे हैं। हिन्दू धर्म में ऐसी मान्यता है कि बाबा विश्वनाथ जी का दर्शन कर लेने और पवित्र गंगा मैया की गोद में स्नान कर लेने मात्र से भक्त के रूप में व्यक्ति को मोक्ष प्राप्त हो जाता है। इस मंदिर में दर्शन करने के लिए जगतगुरु आदि शंकराचार्य जी आए हुए थे और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी यहां भगवान बाबा विश्वनाथ जी का दर्शन किया था। इसके साथ ही काशी में उन्होंने काफी दिन व्यतीत किया है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में इतिहास पुरुष, प्रजा वत्सल प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने काशी से निर्वाचित होकर प्रधान मंत्री के पद को बाबा विश्वनाथ जी की .पा पात्र होकर विभूषित किया है। वर्तमान में भी वे काशी से निर्वाचित होकर सनातनी संस्ःति को पुष्पित पल्लवित कर रहे हैं। बाबा विश्वनाथ जी की .पा अनंत है। ऐतिहासिक तथ्यों के मुताबिक औरंगजेब के समय में काशी विश्वनाथ के मंदिर को क्षतिग्रस्त किया गया था। ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण बहुत बाद में मुगलों ने कराया था। किंतु वर्तमान में इतिहास शोध में है। पवित्र परंपरा का अन्वेषण जारी है। इसके साथ ही वर्तमान में काशी विश्वनाथ की भव्यता पवित्रता की अनुभूति से रस सिक्त करती है। सनातनी एकीकरण के प्रतीक बिंब के रूप में प्रतिष्ठित बाबा विश्वनाथ का ज्योतिर्लिंग काशी विश्वनाथ मंदिर में पवित्रता की अनुभूति कराता हुआ सनातनी आस्था का केंद्र बिंदु है। हर हर महादेव शंभू काशी विश्वनाथ गंगे।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# नाइजर है फ्रांस की किरकिरी

**इस तरह यह इलाका यु) के मुहाने पर खड़ा है। इकोवास पिछले दरवाजे से कोई समझौता करवाने का प्रयास कर रहा है। लेकिन इस बात की संभावना बहुत कम है कि सैन्य नेतृत्व झुकेगा और सत्ता दुबारा बजौम के हाथ में सौंपेगा। अगर यु) हुआ तो वह घातक होगा जिसमें कईयों की भूमिका होगी नाइजर की सत्ताधारी सेना, जिहादी, पश्चिमी देश, चीन और रूस और इसमें बड़ी संख्या में जानें जायेंगी...**

श्रुति व्यास

नाइजर का सैनिक नेता जिद पर अड़ा हुआ है। वहां की सैनिक सरकार इकोवास (इकनोमिक कम्युनिटी ऑफ वेस्ट अफ्रीकन स्टेट्स) से लडने के लिए तैयार है। इकोवास द्वारा वहां के अपदस्थ राष्ट्रपति को दुबारा सत्ता सौंपने के लिए तय की गयी आखिरी तारीखद्ध दृ 6 अगस्त दृ निकल चुकी है। इसके अलावा 7 अगस्त को अमेरिका के राजदूत को भी अपदस्थ राष्ट्रपति से मिलने और उनसे चर्चा करने की इजाजत नहीं दी गई। पिछले महीने के तख्तापलट के बाद लोकतंत्र की वापसी के सभी आव्हानों को ठुकरा दिया गया।

पश्चिमी अप्रीका के पड़ौसी देशों के जमावड़े इकोवास ने 6 अगस्त तक बजौम को दुबारा सत्ता न सौंपे जाने पर बलप्रयोग की धमकी दी थी। धीरे–धीरे अंतिम तिथि नजदीक आती गई लेकिन तख्तापलट का नेतृत्व करने वालों ने सत्ता से हटने का संकेत नहीं दिया। इसकी बजाए उन्होंने एक स्टेडियम में अपने समर्थकों को एकत्रित किया, जो उनकी जयजयकार कर रहे थे। उन्होंने देश के पूर्व औपनिवेशिक शासक फ्रांस के झंडे के रंग से रंगे गए एक मुर्गे का सर कलम किया। अंतिम तिथि निकलने के बाद सैन्य सत्ताधारियों ने नाइजर की वायु सीमा को पूरी तरह से बंद कर दिया। उन्होंने कहा एक श्विदेशी शक्तिय देश पर हमले की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि श्नाइजर की सशस्त्र सेनाएं देश की



अखंडता की रक्षा करने के लिए तैयार हैंष।तख्तापलट के नेताओं ने नाइजर के युवाओं से आव्हान किया कि वे इस कठिन समय में देश की सेवा के लिए तैयार रहें। राजधानी के अब्दोऊ मौमौनी विश्वविद्यालय के छात्रों ने इसकी प्रतिक्रिया में कहा कि वे इस आव्हान के अनुसार कार्य करेंगें। नाइजर के आक्रामक रूख के मद्देनजर इकोवास ने 10 अगस्त को एक असाधारण बैठक बुलाई है। नाइजर में हुए तख्तपलट से एकदम साफ हो गया है कि लोगों ने फ्रांस के बोलबाले को उतने ही जोश से खारिज किया है जितने जोश से उनके पूर्वजों ने फ्रेंच साम्राज्य को किया था। इस तरह फ्रांस का लंबे समय से चला आ रहा दबदबा कम हो रहा है। विकास सहायता के रूप में हर साल दो अरब डालर तक मिलने के बावजूद नाइजर दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक बना हुआ है, जहां साक्षरता दर केवल 34 प्रतिशत है। यूरोपियन यूनियन नाइजर के लिए 2024 में समाप्त होने वाली तीन वर्ष की अवधि के लिए 50 करोड़ 30 लाख यूरो देने वाला था। इतनी मदद के बावजूद नाइजर में अब फ्रांस को युवा वर्ग में बेरोजगारी जैसी बड़ी समस्याओं के लिए दोषी ठहराया जाता है।

सन 2020 में माली और बुर्किनो फासो दृ जो फ्रांस की दासता से सन् 1960 में मुक्त हुए थे दृ में 2021 और 2022 (दो बार) तख्तापलट हुआ था। अब नाइजर ताजा देश है। इन सभी देशों में फ्रांस, बल्कि पूरे पश्चिम, के विरूद्ध नाराजगी लगातार बढ़ती रही, जबकि विरोधी ताकतों जिनमें रूस, तुर्की और चीन शामिल हैं, हालात का फायदा उठाने के मौके तलाशते रहे। बुर्किनो फासो और माली के सैन्य नेतृत्व ने पहले ही चेतावनी दे दी है कि सैन्य हस्तक्षेप के जरिए बजौम को दुबारा सत्ता में लाने का प्रयास जंग का ऐलान माना जाएगा। भाड़े के सैनिकों का रूसी समूह वेगनर नाइजर के पड़ोसी देशों में सक्रिय है और उसने नाइजर के विद्रोहियों को मदद की पेशकश की है। नाइजर में आगे क्या होगा और नए सत्ताधारी जनरल अब्दुररहमाने चियानी क्या करने वाले हैं यह अस्पष्ट और अनिश्चित है। फ्रांस को आंखे दिखाते हुए और उपनिवेशवादी मानसिकता से उबरते हुए नाइजर में भ्रष्टाचार, मानवाधिकार हनन और अफरा–तफरी का माहौल रहेगा जिसमें जिहादियों और आतंकवाद को पनपने का मौका मिलेगा। इस तरह यह इलाका युद्ध के मुहाने पर खड़ा है। इकोवास पिछले दरवाजे से कोई समझौता करवाने का प्रयास कर रहा है। लेकिन इस बात की संभावना बहुत कम है कि सैन्य नेतृत्व झुकेगा और सत्ता दुबारा बजौम के हाथ में सौंपेगा। अगर युद्ध हुआ तो वह घातक होगा जिसमें कईयों की भूमिका होगी दृ नाइजर की सत्ताधारी सेना, जिहादी, पश्चिमी देश, चीन और रूस और इसमें बड़ी संख्या में जानें जायेंगी।

# क्या इमरान हो गए क्लीन बोल्ड?

**नवंबर में होने वाले चुनाव एक दिखावा भर होंगे और जनरल ही यह तय करेंगे कि अस्थिर पाकिस्तान पर किसकी अस्थिर सरकार का अस्थिर शासन रहेगा। जनरल राजनीति में लगातार दखल देते रहे हैं और इमरान खान द्वारा इस मसले को बार–बार उठाए जाने के कारण वे पाकिस्तान के लोगों के गुस्से के निशाने पर हैं। वे देश के दुश्मन नंबर 1 बन गए हैं। जहां तक खान का सवाल है उन्हें क्रिकेट...**

श्रुति व्यास

इमरान खान एक हर–दिल–अजीज शख्शियत के मालिक हैं या कम से कम थे।उन्होने बतौर क्रिकेटर पूरी दुनिया का मनोरंजन किया और दर्शको का दिल जीता।वे महिलाओं में विशेष लोकप्रिय थे और उनकी छवि एक लेडीकिलर और प्लेबॉय की थी।पाकिस्तान के लिए वे ऐसा हीरा थे जिसने उस देश को पहली और आखिरी बार क्रिकेट वर्ल्ड कप में जीत दिलवाई। यही कारण था कि जब वे राजनीति के अखाड़े में उतरे तब उनके पास पहले से ही समर्थकों की विराट फौज तैयार थी। अपने नए अवतार में वे एक प्रभावी वक्ता के रूप में उभरे जो लोगों को मोह भी सकता था और उनमें गुस्सा और जुनून भी भर सकता था। सियासतदां के रूप में इमरान खान अपनी अति धार्मिकता और अतिवादी विचारों के लिए जाने जाते थे। यहां तक कि उन्हें तालिबान खान कहा जाने लगा था। पत्रकार उनका मजाक बनाते थे और राजनीति के मैदान के पुराने खिलाड़ी उन्हें गंभीरता से लेने को तैयार नहीं थे।उन्होंने अपनी खुद कीपार्टी बनाई जिसके हाथ श्नए पाकिस्तानय्का नारा लग गया और अंततरू वे देश के प्रधानमंत्री बन गए।

परंतु जितनी तेजी से उनका उत्थान हुआ था उतनी ही तेजी से उनका पतन भी हुआ।

पिछले अप्रैल में एक अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग के बाद उन्हें अपना पद छोडना पड़ा। उनकी खिलाफत में सभी विपक्षी पार्टियां एक हो गईं थीं। फिर नवंबर में एक रैली में उनके काफिले पर एक बंदूकधारी ने गोलियां दागीं। उनके समर्थकों का कहना था कि यह दरअसल उन्हें जान से मारने की साजिश थी। बहरहाल, गोलियां उनके पैर में ही लगीं। उनपर भ्रष्टाचार के कई आरोप थे और अदालतों में सुनवाईयां चल रहीं थीं। परंतु इस सबके बाद भी वे अविचलित थे। उन्होंने सेना के खिलाफ जो नैरेटिव बनाया वह लोगों को ठीक लगा। वे पाकिस्तान में मकबूल बने रहे।

परंतु इस शनिवार उनकी उम्मीदें धूल में मिल गईं। भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें तीन साल कैद की सजा सुनाई गई और पांच साल के लिए राजनीति में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया। पुलिस ने बिना देरी किए लाहौर में उनके घर से इमरान को हिरासत में ले लिया। इस गिरफ्तारी के साथ ही वे देश में अगले नवंबर में होने वाले आमचुनाव में उम्मीदवार बनने के लिए अपात्र हो गए हैं।वैसे तो पहले भी इसमें कोई शक नहीं था परंतु अब एक बार फिर यह साफ हो गया है कि पाकिस्तान पर सेना का पूरा नियंत्रण है और वहां की सरकार की ताकत का स्त्रोत सेना ही है। और चाहे लोग सेना की कितनी ही खिलाफत करें यह स्थिति बदलने वाली नहीं है।

अपनी गिरफ्तारी के बाद भी इमरान खान शांत नहीं बैठे। उन्होंने एक वीडियो वक्तव्य में कहा कि उनकी राजनीति दरअसल पाकिस्तान की आत्मा को आजाद कराने की राजनीति है। उन्होंने कहा, श्आपके लिए बस मेरी एक अपील है।चुपचाप बैठे मत रहिए। अपने घर में छुपे मत रहिए। मैं यह संघर्ष अपने लिए नहीं कर रहा हूं। मैं यह संघर्ष आपके लिए और आपके बच्चों के भविष्य के लिए कर रहा हूं।ष इस गिरफ्तारी के साथ ही सेना और इमरान के बीच चूहा–बिल्ली का खेल खत्म हो गया है। अब सवाल यह है कि क्या 70 साल के इमरान चुप बैठ जाएंगे। क्या हम यह मान लें कि राजनीति के क्रिकेट मैच में उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया गया है।

अपनी गिरफ्तारी से कुछ समय पहले अल जजीरा के साथ एक इंटरव्यू में इमरान गरज रहे थे,षकिसी भी ऐसे विचार जिसका समय आ गया है को आप रोक नहीं सकते। आप चुनाव सर्वे देखें। पीटीआई (इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ) को 70 प्रतिशत मतदाता पसंद कर रहे हैं। इस तरह की लोकप्रियता किसी दूसरी पार्टी को हासिल नहीं है। जो कुछ हो रहा है यह पागलपन हैष।

इसमें कोई संदेह नहीं कि इमरान के समर्थकों की संख्या बहुत बड़ी है। लोगों को उनसे सहानुभूति है। लोग उन्हें चाहते हैं। भले ही उनकी खुद की पार्टी के नेता उन्हें छोड़कर चले गए हों परंतु आम पाकिस्तानी अभी भी उन पर श्रद्धा रखते हैं और जनता में उनका इतना प्रभाव तो है ही कि वे पाकिस्तान के श्सामान्य हालातोंय्को असामान्य बना सकते हैं। परंतु यह भी सच है कि पाकिस्तान का इतिहास राजनैतिक पतन का इतिहास रहा है। सभी निर्वाचित प्रधानमंत्री अंततरू जेल पहुंचे और सेना ने यह सुनिश्चित किया कि उसके बाद वे फिर कभी राजनीति में वापिस नआ पाएं। इसके विपरीत चारों सैनिक तानाशाहों दृ अयूब खान, याह्या खान, जिया–उल–हक और परवेज मुशर्रफ दृ में से एक को भी चुनी हुई सरकार का तख्ता पलटने और संविधान का उल्लंघन करने के लिए किसी अदालत का सामना नहीं करना पड़ा।

निरूसंदेह इमरान के पास अपनी सजा के खिलाफ अपील करने का हक है और यह भी हो सकता है कि उन्हें कुछ राहत मिल जाए। परंतु सेना को उनका जो नुकसान करना था वह कर चुकी है। इमरान के लिए राजनीति में वापसी के दरवाजे ध ीरे–धीरे बंद किए जा रहे हैं। आने वाले समय में पाकिस्तान की डरी–सहमी नागरिक संस्थाएं, जो सेना के इशारों पर नाचती हैं, राजनीति में वापस आने के उनके सारे रास्ते बंद कर देंगीं। मजे की बात यह है कि शहबाज शरीफ की सरकार भी पीटीआई को विघटित करने का समर्थन कर रही है और इमरान की गिरफ्तारी को इंसाफ की जीत बता रही है। यह सेना के इशारे पर हो रहा है या इसके पीछे शहबाज शरीफ की मौकापरस्ती मात्र है, यह कहना मुश्किल है। सरकार ने यह भी कहा है कि देश में जल्द से जल्द राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता कायम की जानी चाहिए। परंतु राजनैतिक और आर्थिक स्थिरता पाकिस्तान के लिए एक सपना ही बना रहेगा। पाकिस्तान में जल्द ही गृहयुद्ध शुरू हो सकता है। पहले ही से अराजक माहौल को इमरान खान के समर्थक और अराजक बनाएंगे।




# आराम के सवाल पर रोहित का फूटा गुस्सा, कहा– रवींद्र जडेजा भी तो...

5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन होगा। इस वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया में कई तरह से एक्सपेरिमेंट हो रहे हैं। हाल ही में वेस्टइंडीज में खेली गई वनडे सीरीज में भी ये देखने को मिला। रोहित शर्मा और विराट कोहली को आखिरी दो वनडे में आराम दिया गया था। वहीं पांच मैचों की टी20 सीरीज से भी उन्हें बाहर रखा गया है। रोहित ने वर्ल्ड कप से पहले अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिए जाने के फैसले पर अपनी बात रखी है।



दरअसल, जब रोहित शर्मा से अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिए जाने का सवाल किया गया तो, वो बिफर पड़े। इस दौरान उन्होंने बताया कि, टी20 में वो क्यों आराम कर रहे हैं। बता दें कि, भारतीय टीम इस समय फ्लोरिडा में है जहां उसे वेस्टइंडीज के खिलाफ बाकी बचे दो टी20 मुकाबले खेलने हैं। जबकि पहले तीन मुकाबलों में से उसे दो में हार और एक में जीत नसीब हुई थी।

रवींद्र जडेजा को लेकर सवाल क्यों नहीं?

वहीं भारतीय कप्तान ने सीनियर खिलाड़ियों को आराम देने पर कहा कि, पिछले साल भी टीम इंडिया ने यही किया था। टी20 वर्ल्ड कप खेला जाना था तो सीनियर खिलाड़ियों ने वनडे क्रिकेट नहीं खेला था। रोहित ने कहा कि वो इस बार भी यही कर रहे हैं और इसलिए टी20 नहीं खेल रहे हैं। क्योंकि वनडे वर्ल्ड कप है। रोहित शर्मा ने आगे कहा कि ये फैसला दो साल पहले हो चुका था। इसके साथ ही इस दौरान उन्होंने रवींद्र जडेजा का नाम लेते हुए कहा कि जडेजा भी टी20 नहीं खेल रहे हैं। उनको लेकर सवाल क्यों नहीं उठ रहे और सारा फोकस उन पर और कोहली पर ही क्यों है?

गौरतलब है कि, रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप खेला था जिसमें सेमीफाइनल में उसे इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से रोहित और कोहली ने भारत के लिए टी20 मैच नहीं खेला है। इस दौरान हार्दिका पांड्या ने टी20 टीम की कप्तानी संभाली।

# चंद्रयान 3 के रास्ते में नहीं आएगा लूनां–25, दोस्त भारत के मून मिशन पर रूस का बड़ा बयान

इस वक्त पूरे देश में भारत और रूस के मून मिशन को लेकर चर्चा है। वहीं यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध, आर्थिक चुनौतियों और पश्चिम से प्रतिबंधों के बीच रूस ने अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक साहसिक कदम उठाया है। रूस 11 अगस्त यानी आज अपना लूना 25 लैंडर लॉन्च कर दिया है। रूस के इस फैसले ने भारत के साथ साथ पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। क्योंकि भारत के चंद्रयान 3 को जिस चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरना है। रूस का लूना 25 लैंडर भी वहीं उतरेगा। आपको बता दें कि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पानी मिलने की संभावना है। चांद पर पानी खोजने की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में रूस खुद को आगे रखना चाहता है। भारत का चंद्रयान



चंद्रयान–3 पहले से ही चांद के दरवाजे पर दस्तक दे रहा है, जो 23 या 24 अगस्त को इसकी सतह पर उतरने वाला है। रूस का लूना 25 अंतरिक्ष यान इस सप्ताह के अंत में अपनी यात्रा शुरू करने की तैयारी कर रहा है। और चंद्रयान–3 के लगभग उसी समय लैंडिंग करेगा। रूस और भारत के बीच

कड़ी टक्कर : रूस का लूना 25 जब लॉन्चिंग पैड पर ले जाया जा रहा था तो कई रुसी लोग उसे देखने के लिए पहुँच गए और वीडियो भी बनाई। पटरियों से लूना 25 को लॉन्चिंग पैड की तरफ ले जाया गया। लूना 25 की तस्वीरों ने भारतीय लोगों की धड़कनें भी बढ़ा दी हैं। हर भारतीय चाहता था कि इसरो पहली स्पेस एजेंसी बन जाए जो चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सबसे पहले पहुँचे। लेकिन अब चांद के इस हिस्से पर पहुँचने के लिए रूस और भारत के बीच कड़ी टक्कर होने वाली है।

भारत के चंद्रयान के रास्ते में नहीं आयेगा लूना 25

रूस का बयान भी सामने आया है। रूस ने कहा है कि लूना 25 भारत के चंद्रयान के रास्ते में नहीं आयेगा। रूस ने कहा है कि हमें 2021 में ही लूना 25 को लॉन्च करना था लेकिन किसी वजह से ये लॉन्च नहीं हो पाया। हम साफ कर देना चाहते हैं कि हमारा लूना 25 चंद्रयान से काफी दूर उतरेगा।

# विश्व कप 2023 से पहले केन विलियमसन ने स्वीकारा, विश्व कप में खेलना 'मुश्किल लक्ष्य'

केन विलियमसन ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि भारत में



होने वाले आईसीसी विश्व कप 2023 में उनके खेलने की संभावनायें काफी कम हैं क्योंकि न्यूजीलैंड का यह बल्लेबाज सर्जरी से अब भी उबरने की प्रक्रिया में चल रहा है।

बता दें कि, विलियमसन के घुटने के 'एंटीरियर क्रुसिएट लिगामेंट' (एसीएल) की इस साल अप्रैल में सर्जरी हुई थी। उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के शुरुआती मैच में गुजरात टाइटन्स की ओर से अहमदाबाद में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेलते हुए यह चोट लगी थी।

विलियमसन ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा, ''विश्व कप में खेलना हमेशा ही विशेष होता है। इसे (चोट को) ठीक होने में कितना समय लगेगा या मैं किस दिन वापसी करूंगा, यह इस समय बस अटकलबाजी ही है। '' उन्होंने कहा, ''हां, निश्चित रूप से संभावना काफी कम है लेकिन फिर यह लक्ष्य काफी मुश्किल है। पर विश्व कप जैसा टूर्नामेंट हमेशा आपको प्रेरित करता है। ''

33 वर्षीय बल्लेबाज इंग्लैंड में न्यूजीलैंड टीम से जुड़ जायेगा। न्यूजीलैंड की टीम अगस्त और सितंबर के बीच होने वाले इस दौरे पर चार टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैच खेलेगी। विलियमसन इंग्लैंड में अपने साथी खिलाड़ियों के साथ अपना 'रिहैबिलिटेशन' जारी रखेंगे। वह सितंबर के अंत में बांग्लादेश के खिलाफ न्यूजीलैंड की सीरीज के दौरान संभावित वापसी का समय बताने का भी अंदाजा नहीं लगा सकते।

इस दौरान उन्होंने कहा, ''यह पेचीदा है। इस समय यह ठीक होने की बात है। आप 'मूवमेंट' और आत्मविश्वास के बारे में बता सकते हो। लेकिन आप वापसी के सही समय के बारे में आकलन नहीं कर सकते। कि ऐसा बांग्लादेश सीरीज में होगा या फिर इससे पहले।

# कोलंबो बंदरगाह पहुंचा चीन का निगरानी करने में सक्षम युद्धपोत पोत, भारत ने जतायी थी चिंता

कोलंबो। चीन की नौसेना का, निगरानी करने में सक्षम



एक युद्धपोत कोलंबो बंदरगाह पहुंचा है। लगभग एक साल पहले चीन का एक अन्य जासूसी जहाज जब श्रीलंका के एक रणनीतिक बंदरगाह आया था तब भारत की ओर से चिंता जतायी गई थी। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा है कि चीन की सेना 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का नौसैनिक युद्धपोत हाइ यांग 24 हाओ बृहस्पतिवार को कोलंबो बंदरगाह पहुंचा। जहाज की वापसी शनिवार को होनी है। उसने कहा, ''कोलंबो पहुंचे 129 मीटर लंबे जहाज पर 138 लोगों का दल सवार है और इसकी कमान कमांडर जिन शिन के पास है। जहाज कल देश से प्रस्थान करने वाला है।'' शुक्रवार को मीडिया में आयी खबरों के अनुसार, भारत द्वारा चिंता जताए जाने के बाद श्रीलंका ने उसका आगमन विलंबित कर दिया। 'डेली मिरर' अखबार की खबर के अनुसार, ''चीनी अधिकारियों ने इसके लिए पहले ही अनुमति मांगी थी, लेकिन भारत के प्रतिरोध ा के कारण श्रीलंका ने अनुमति देने में देरी की।'' श्रीलंका द्वारा भारतीय अधिकारियों को जानकारी दिये जाने के बावजूद, भारत अनुसंध ाान जहाज की श्रीलंका यात्रा को लेकर चिंतित रहा है। पिछले साल अगस्त में, चीन के बैलिस्टिक मिसाइल और उपग्रह ट्रैकिंग जहाज, युआन वांग 5 की इसी तरह की यात्रा पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया जतायी थी। उक्त जहाज श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पहुंचा था। भारत को आशंका थी कि श्रीलंकाई बंदरगाह जाने के रास्ते में जहाज की प्रणाली से भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों की जासूसी करने का प्रयास किया जा सकता है। हालांकि, श्रीलंका ने काफी विलंब के बाद, जहाज को एक चीनी कंपनी द्वारा बनाए जा रहे हंबनटोटा बंदरगाह आने की अनुमति दी थी।

# विश्व कप जीतने के लिये प्रतिबद्ध न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट

लंदन। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट लगातार पिछले



दो विश्व कप में टीम का हिस्सा नहीं बन पाये थे जिसमें टीम उप विजेता रही थी लेकिन अब वह इस बार भारत में होने वाले महासमर में यह मौका गंवाना नहीं चाहते। न्यूजीलैंड को 2015 फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार मिली थी जबकि इसके चार साल बाद टीम इंग्लैंड से हार गयी थी। बोल्ट ने कहा, ''हमेशा मेरे दिमाग में यह बात रही कि मैं वापसी करूं और वनडे विश्व कप में खेलने पर काम करूं। मैं इसमें खेलने के लिए भूखा हूं और उम्मीद करता हूं कि बड़ी भूमिका निभाऊंगा। मैं सिर्फ एक चमचमाती चीज (ट्राफी) उठाना चाहता हूं जिसके करीब हम चार साल पहले पहुंचे थे। ''

बोल्ट ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के लिए एक साल के बाद न्यूजीलैंड की वनडे टीम में वापसी की। 99 वनडे में उन्होंने 187 विकेट चटकाये हैं। बोल्ट ने अमेरिका में शुरुआती मेजर लीग क्रिकेट में एमआई (मुंबई इंडियंस) न्यूयॉर्क को ट्राफी दिलाने में अहम भूमिका निभायी थी जिसमें वह टूर्नामेंट के सर्वाधिक विकेट झटकने वाले गेंदबाज रहे।

# भारत को अपने नेता पर है भरोसा, अमेरिकी सिंगर मैरी मिलबेन ने मणिपुर पर पीएम मोदी का किया समर्थन

अफ्रीकी–अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका मैरी मिलबेन एक



बार फिर मौजूदा श्मणिपुर मुद्देश पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में आईं। प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए अमेरिकी गायक ने कहा, श्वह पूर्वोत्तर राज्य के लोगों के लिए लड़ेंगे। उनकी यह टिप्पणी पीएम मोदी द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ विपक्ष द्वारा दायर अविश्वास प्रस्ताव पर संसद को संबोधित करने के बाद आई है। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मैरी मिलबेन ने कहा कि भारत को अपने नेता पर भरोसा है और उन्होंने बेईमान पत्रकारिता की आलोचना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विपक्ष बिना किसी तथ्य के जोर–जोर से नारे लगाएगा और कहा कि सच्चाई हमेशा लोगों को आजाद कर देगी। दिवंगत अमेरिकी नागरिक अधिकार आंदोलन के नेता मार्टिन लूथर किंग जूनियर की लाइन "लेट फ्रीडम रिंग" का हवाला देते हुए मिलबेन ने उल्लेख किया कि उन्हें पीएम मोदी पर पूरा भरोसा है। ट्वीट में मैरी मिलबेन ने लिखा कि भारत को अपने नेता पर भरोसा है। भारत के मणिपुर की माताओं, बेटियों और महिलाओं को न्याय मिलेगा और पीएम मोदी आपके लिएके लिए हमेशा लड़ते रहेंगे। इसके साथ ही विपक्ष पर निशाना साध ाते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी पार्टी से जुड़ना जो सांस्कृतिक विरासत का अपमान करती है, बच्चों को अपने देश का राष्ट्रगान गाने के अधिकार से वंचित करती है और विदेश में अपने देश को अपमानित करती है, यह नेतृत्व नहीं है। यह सिद्धांतहीन है। उन्होंने आगे कहा कि बेईमान पत्रकारिता झूठे आख्यानों को चित्रित करेगी। विपक्षी स्वर बिना किसी तथ्य के जोर–जोर से नारे लगाएंगे। लेकिन सच्चाई, सत्य हमेशा लोगों को आजाद करेगा। डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर के शब्दों में भारत, श्स्वतंत्रता की घंटी बजने दो। इसी साल जून में मैरी मिलबेन ने पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग में भारत का राष्ट्रगान गाया, जहां पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधित किया।

# 1974 में चांद पर गया था रूस, अब 47 साल बाद फिर से दुनिया को कराना चाहता है अपनी ताकत का एहसास

रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोमोस ने सोयुज 2.1बी रॉकेट पर लूना–25 लैंडर लॉन्च कर दिया। 11 अगस्त को वोस्तोचन कोस्मोड्रोम के लॉन्च पैड से इसे लॉन्च किया गया। देश ने 47 वर्षों में अपना पहला चंद्र लैंडर सफलतापूर्वक लॉन्च किया, जो उसके अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। लूना–25 मिशन न केवल रूस की तकनीकी शक्ति का प्रमाण है, बल्कि भू–राजनीतिक तनाव के बीच एक रणनीतिक कदम भी है।



सफल लॉन्चः अंतरिक्ष यान ने अमूर ओब्लास्ट में वोस्तोचन कोस्मोड्रोम से उड़ान भरी और 16 अगस्त तक चंद्र कक्षा में पहुंचने और 21–22 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर उतरने की उम्मीद है। लूना–25 का प्राथमिक उद्देश्य चंद्रमा की चट्टान और ध ूल के नमूने एकत्र करना है। ये नमूने किसी भी संभावित आधार निर्माण से पहले चंद्र पर्यावरण को समझने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

रूस का स्पेस में शक्ति प्रदर्शन यह मिशन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऐसे समय में आया है जब रूस यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध के कारण गंभीर आर्थिक चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। इन बाधाओं के बावजूद, रूस का अंतरिक्ष कार्यक्रम अविचलित है। लूना–25 मिशन को पश्चिम के प्रतिबंधों के खिलाफ रूसी शक्ति के प्रतीक के रूप में पेश किया जा रहा है, जिनमें से कई ने मॉस्को के एयरोस्पेस क्षेत्र को लक्षित किया है। रूस और अमेरिका यूक्रेन युद्ध को लेकर आमने–सामने हैं, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन चलाने की बात आने पर उन्होंने अपना सहयोग जारी रखा है। रूस का अंतरिक्ष सफरः चांद हमेशा से हमारे लिए किसी रहस्य से कम नहीं है। हमने अक्सर किताबों में पढ़ा और सुना कि चांद पर कदम रखने वाले पहले अमेरिकी यात्री थे नील आर्मस्ट्रांग। 12 सितंबर, 1959 को सोवियत संघ ने लूना 2 लांच किया गया था। 1959 की मध्य रात्रि के बाद करीब 12 हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चांद की सतह से टकराया थ। इतनी तेज गति से टकराने के बाद लूना–2 पूरी तरह से नष्ट हो गया था।

1974 में चांद पर गया था रूसः रूस का आखिरी चांद लैंडर सोवियत संघ के जमाने में लूना–24 था। यह 18 अगस्त 1976 को चांद की सतह पर उतरा था। इस मिशन के तहत चांद की सतह के सैंपल रूस के वैज्ञानिकों को मिले थे। लूना 25 और चंद्रयान दोनों ही मिशन चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरेंगे। पूरी दुनिया की इस पर नजर है कि आखिर सबसे पहले कौन उतरेगा। रूसी स्पेस एजेंसी ने कहा है कि दोनों ही मिशन एक दूसरे के लिए कोई दिक्कत नहीं पैदा करने वाले, क्योंकि इनके बीच एक बड़ी दूरी होगी।

# वर्ल्ड कप 2023 और एशिया कप में बांग्लादेश टीम की कमान संभालेंगे शाकिब अल हसन

वर्ल्ड कप 2023 और एशिया कप में बांग्लादेश टीम की कमान अब शाकिब अल हसन संभालेंगे। दरअसल, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने शाकिब को वनडे फॉर्मेट का कप्तान नियुक्त किया है। बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन ने इसकी घोषणा करते हुए बताया कि, शनिवार को एशिया कप और वर्ल्ड कप के लिए स्क्वॉड का ऐलान करेंगे।



बता दें कि, तमीम इकबाल के कप्तानी छोड़ने के बाद से ही बांग्लादेश टीम को कप्तान का इंतजार था। आगामी एशिया कप और वर्ल्ड कप को देखते हुए बोर्ड ने शाकिब पर भरोसा जताते हुए ये जिम्मेदारी दी। इस दौरान बोर्ड अध्यक्ष नजमुल हसन ने कहा, हमने शाकिब को एशिया कप और विश्व कप के लिए कप्तान नियुक्त किया है। इन दोनों टूर्नामेंट के लिए टीम की घोषणा कल की जाएगी। चयनकर्ता 17 सदस्यों की टीम चुनेंगे।ष

वहीं शाकिब के पास क्रिकेट का काफी अनुभव है। वो सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट्स ही नहीं बल्कि कई लीग भी खेलते हैं। जहां उनका बतौर ऑलराउंडर के रूप में डंका बजता है। ऐसे में शाकिब टीम के लिए अच्छे कप्तान साबित हो सकेंगे। दूसरी तरफ बांग्लादेश ने अभी तक एशिया कप नहीं जीता है। इसलिए बोर्ड को उनसे काफी उम्मीदें हैं।

फिलहाल, शाकिब ने बांग्लादेश के लिए अभी तक 235 वनडे मुकाबले खेले हैं। जिसमें उन्होंने 305 विकेट झटके हैं। जबकि बल्लेबाजी में उन्होंने 37.36 की औसत से 7211 रन बनाए हैं। शाकिब का वनडे इंटरनेशनल में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 134 रनों का हो।

## भागलपुर में सरयू लाल निशान पार कर 36 सेमी ऊपर पहुंची

सलेमपुर। बारिश के चलते सरयू नदी भागलपुर खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। शाम तुर्तीपार रेगुलेटर पर नदी का जलस्तर 64 मीटर 66 सेमी दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से 36 सेमी ऊपर है। इससे तटवर्ती लोग सहमे हुए हैं। केंद्रीय जल आयोग के कर्मियों के अनुसार 24 घंटे में नदी के जलस्तर में 40 सेमी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मंगलवार को नदी में तीन सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ोतरी शुरू हुई थी, लेकिन दोपहर से 2 सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से वृद्धि हो रही है। नदी के जलस्तर में हो रहे अप्रत्याशित परिवर्तन से तटवर्ती लोग एक बार फिर सहम गए हैं। नदी का पानी रिहायशी इलाकों की ओर फैलने लगा है। केंद्रीय जल आयोग तुर्तीपार के जेई प्रकाश ओझा ने बताया कि मंगलवार शाम से नदी में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। कर्मचारियों को मीटर पर निगरानी रखने को कहा गया है। अगले 24 घंटे नदी के जलस्तर में वृद्धि का अनुमान है।

## बारिश से कहीं राहत तो कहीं आफत, पेड़ गिरने से बिजली और आवागमन हुआ बाधित

देवरिया। बारिश के कारण किसानों को राहत मिली है तो शहरवासियों के लिए जल निकासी व्यवस्था न होने के कारण जलभराव का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में टूटी सड़कें दर्द दे रही हैं। तेज हवा के चलते बिजली के पोल पर कई जगहों पर पेड़ गिर गए, इसके चलते कुछ जगहों पर आपूर्ति भी बाधित रही है। जबकि सड़क पर पेड़ गिरने से कुछ समय के लिए आवागमन भी बाधित रहा है। हुई बारिश ने शहर के करीब आठ मोहल्लों में लोगों को जल भराव और टूटी सड़कों के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहर के भुजौली कालोनी से उमानगर जाने वाली सड़क पर पानी लग गया था। रजला रोड और देवरिया–पकड़ी मार्ग पर आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रामगुलाम टोला मोहल्ला, रामनाथ देवरिया, उमानगर, खरजरवा, सोंदा, संकटमोचन नगर में जल भराव के कारण लोगों के घरों के पास पानी भरा हुआ था।

## हत्या के मामले में फरार चल रहा एक अभियुक्त गिरफ्तार

देवरिया। तरकुलवा थाना क्षेत्र के फरेंदहा गांव के एक अधेड़ की हत्या के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने सुबह थाना क्षेत्र के बोलबम चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले के चार अभियुक्त अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। पकड़े गए हत्याभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। थानाक्षेत्र के भेलीपट्टी गांव के समीप स्थित एक ईंट–भट्ठे के पास 18 जून को फरेन्दहा गांव निवासी उमेश यादव (50) का शव मिला था। इस मामले में मृतक के बेटे पवन कुमार यादव की तहरीर पर पुलिस ने ईंट–भट्ठा मालिक फरेन्दहा गांव निवासी हामिद अंसारी, नुरुल, अदद्दू, बदरुद्दीन व भेलीपट्टी गांव निवासी सुनील निषाद के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शेष चार आरोपियों को भी जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दुष्कर्म के आरोपी युवक को जेल

महराजगंज। नौतनवां थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को गांव का ही एक युवक ने बहला फुसलाकर भगा ले गया था। वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि दुष्कर्म, पॉक्सो तथा अन्य धाराओं में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## रैन बसेरा परिसर में शौचालय बनवाने की मांग

महराजगंज। ठूठीबारी ग्राम सभा के शांतिनगर रैन बसेरा परिसर में सार्वजनिक शौचालय बनाने की गई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने निचलौल बीडीओ को ज्ञापन दिया। बताया कि परिसर में स्थित सार्वजनिक शौचालय तोड़वा दिया गया है। इस दौरान पप्पू वर्मा, रतन लाल, रमन मद्धेशिया, पंकज रौनियार, कन्हैया विश्वकर्मा, सुरेंद्र मद्धेशिया, श्याम निगम आदि मौजूद रहे है।

## नदुआ में दवा की दो दुकानों पर छापा डालकर सील किया

महराजगंज। सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम नदुआ बाजार में नायब तहसीलदार सदर देशदीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में औषधि विभाग की टीम ने दो दुकानों पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने दवा की दो दुकानों को सील कर दिया और दुकान से कुछ सैंपल इकट्ठा कर ले गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। नायब तहसीलदार देश दीपक त्रिपाठी ने बताया कि कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि नदुआ बाजार में बिना लाइसेंस की दवा की दुकानें संचालित हो रही हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर दवा की दो दुकानों पर छापा मारा गया। इस दौरान दवाइयों की जांच की गईं। इसके बाद दुकानों को सील कर दिया गया। ड्रग इंस्पेक्टर शिवकुमार नायक ने दवा की दुकानों से सिरप, टैबलेट एवं कुछ दवाइयां जब्त कर लिए जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। आगे भी बिना लाइसेंस की दुकानों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

## सात वर्षीय बच्चे से कुकर्म, जांच में जुटी पुलिस

महराजगंज। निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव में सात वर्षीय बच्चे से कुकर्म करने का मामला सामने आया है। घटना के तीसरे दिन बच्चे की मां ने पुलिस को तहरीर दी। वहीं मामले की जानकारी लगाते ही पुलिस टीम गांव पहुंच घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस के अनुसार बच्चे की मां ने बताया कि 8 अगस्त की देर शाम को उनका सात वर्षीय लड़का घर से दक्षिण कुछ दूर स्थित एक दुकान पर टॉफी खरीदने गया हुआ था। जो काफी देर तक घर नहीं लौटा। अनहोनी की आशंका होने पर घर से बाहर निकल आसपास के लोगों से पूछताछ की। जिस दौरान पता चला की बहन के घर रह रहा एक व्यक्ति लड़के को पकड़ गांव से बाहर ले गया है। काफी देर तक लड़के की तलाश करती रही। इसी बीच लड़का आता दिखाई दिया। पूछताछ करने पर कुछ नहीं बताया। वहीं 9 अगस्त की सुबह जब बच्चे की तबीयत खराब हुई तो बच्चे से पूछताछ के बाद घटना की जानकारी हुई। बच्चे का इलाज कराने के बाद पुलिस को सूचना दी। निचलौल क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध पटेल ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है।

# शहर के ओवरब्रिज से अनियंत्रित ट्रक गिरा, अफरा–तफरी, लगा जाम

देवरिया। शहर के देवरिया–गोरखपुर मार्ग पर ओवरब्रिज से रात में करीब दो बजे बालू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गया। तेज आवाज के साथ ट्रक के परखचे उड़ गए। चालक एवं खलासी ने कूदकर जान बचाई। घटना के बाद सुबह तक अफरा–तफरी रही। मौके पर काफी संख्या में भीड़ जुट गई थी। वहीं ब्रिज से गुजरने वाहन रुक गए, जिससे जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को हटाया और क्रेन से ट्रक को हटवाया। पुलिस के अनुसार चालक को झपकी आने से हादसा हुआ है। इस घटना के कारण सब्जी मंडी में पूरे दिन रुक–रुक कर जाम लगता रहा।

शहर के कतरारी वार्ड निवासी दीनदयाल यादव का बालू लदा ट्रक लेकर बिहार से चालक अमित यादव सदर कोतवाली क्षेत्र के जेल रोड स्थित एक धर्मकांटा पर देर रात पहुंचा था। वह खलासी मुकेश के साथ करीब रात के दो बजे चालक बालू को पुरवा चौराहा पहुंचाने के लिए निकला। वह शहर के ओवरब्रिज पर पहुंचा था कि अचानक अनियंत्रित होकर रेलिंग को तोड़ते हुए ट्रक 25 फीट की ऊंचाई से चीनी मिल–रेलवे स्टेशन रोड पर एक पेड़ को तोड़ते हुए नीचे गिर गया। इससे ठेले पर लगने वाली कुछ दुकान क्षतिग्रस्त हो गईं। जबकि ट्रक के परखचे उड़ गए। ट्रक चालक और खलासी समय रहते वाहन से कूद गए। तेज आवाज सुनकर कर आसपास के लोगों की नींद खुल गई और वह मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी और कोतवाल दिनेश मिश्रा ने बिजली आपूर्ति बंद कराई। सीओ ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। आशंका है कि चालक को झपकी आ गई होगी, जिसके कारण यह हादसा हुआ है।

सौ घर की बिजली आपूर्ति रही ठप, 12 घंटे ट्रक को हटाने में लगा

देवरिया। जिस जगह पर ओवरब्रिज से ट्रक गिरा है, वहां ट्रांसफार्मर है। अगर इस पर गिरता तो भी बड़ी घटना हो जाती। तार टूटने से अबूबकर नगर, अहमद नगर के करीब सौ घरों की बिजली रात करीब ढाई बजे से .. दिन में करीब ढाई घंटे बाधित रही। इसके कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जबकि दो क्रेन से ट्रक के मलबे को हटाया गया। इसमें भी करीब 12 घंटे से अधिक का समय लग गया। इसके कारण मंडी और रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर जाम लगा रहा।

बारिश की वजह से बची कइयों की जान, दिन में गिरता ट्रक तो होता बड़ा हादसा

देवरिया। ओवरब्रिज के नीचे सब्जी मंडी लगती है। यहां पर हर समय सैकड़ों की संख्या में दुकानें और काफी संख्या में लोग मौजूद रहते हैं। संयोग अच्छा रहा कि जिस समय ट्रक गिरा उस समय बारिश हो रही थी। अगर बारिश नहीं होती तो ब्रिज के नीचे जिस जगह ट्रक गिरा वहां चौकी, ठेला पर लोग सोते हैं। दुकानदार इमरान ने बताया कि मेरे ठेले पर ही ट्रक गिरा है। हर रोज यहीं पर सोता था, लेकिन बारिश होने की वजह से मूड़ाडीह गांव चला गया था। अगल–बगल के दुकानदार भी नीचे सोते हैं, पर बारिश की वजह से दूसरी जगह चले गए थे। जबकि दूसरी तरफ अगर दिन में किसी भी समय ट्रक ओवरब्रिज से नीचे कभी भी गिरता तो बड़ा हादसा हो जाता, क्योंकि इस रास्ते हर समय वाहन गुजरते हैं, क्योंकि यह रास्ता भुजौली कालोनी, महाराणा प्रताप, अहमद नगर, शहीद नगर, अली नगर, सीसी रोड लोगों के लिए रेलवे स्टेशन आने–जाने का सुगम रास्ता है।

ओवरब्रिज का खतरनाक मोड़ हादसे का बन रहा सबब

देवरिया। जिस जगह पर रेलिंग तोड़कर ट्रक नीचे गिरा है, वहां पर कई बार हादसे हो चुके हैं। 2008 में होली के दिन इसी ओवरब्रिज पर एक बड़ा हादसा हुआ और तेज रफ्तार के चलते कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ कर नीचे गिर गई। इस हादसे में एक कांग्रेसी नेता के परिवार के एक सदस्य समेत दो की मौत हो गई थी। 2018 में अबूबकरनगर का रहने वाला अरशद अपने तीन साथियों संग रात में कार से गोरखपुर की तरफ से आ रहा था। कार ओवरब्रिज पर चल रही थी कि पीछे से आ रहे एक ट्रक की ठोकर से अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी।

# नदियों के जलस्तर में गिरावट, कटान तेज होने के साथ खतरा बढ़ा

महराजगंज। नेपाल में पहाड़ों पर बारिश कम हुई तो भारतीय क्षेत्र में नदियों के जलस्तर में कमी होने लगी, लेकिन इसकी वजह से कटान तेज हो गया है। इस तरह के पिछली बार के अनुभवों से बंधे के किनारे बसे लोग डरे–सहमे हुए हैं कि कहीं फिर से तबाही न मच जाए। लेकिन, हालात डराने वाले हैं। बारिश के कारण बंधों में कटान हो गया है, इससे पानी का दबाव न झेल पाने का अंदेशा बन गया है। दूसरी तरफ, मरचहवा गांव के सामने कटान के रास्ते पानी पूरे सिवान में फैला हुआ है। ठूठीबारी क्षेत्र के चंदन, झरही उर्फ प्यास व भवरहियां नदी में जलस्तर कम होना शुरू हो गया। इसके साथ ही नदियों के किनारे कटान भी शुरू हो गया है। वहीं, चंदन नदी के पूर्वी छोर पर हुए कटान से लक्ष्मीपुर खुर्द, चटिया, माधव नगर तुरकहियां, बुडंतवापुर के लोगों की सैकड़ों एकड़ धान की फसल पानी में डूब गई है। जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीर दिखाई दे रही है। . सुबह 10.30 बजे लक्ष्मीपुर खूर्द गांव के पूरब दक्षिण होकर बहने वाली भौरहियां के दक्षिणी तटबंधा रास्ते बंधें पर जगह–जगह कट मिले। लक्ष्मीपुर खुर्द पुल से भरवलियां गांव तक तटबंध में करीब नौ रेनकट बने हुए हैं। बंधे पर किसान विसुन यादव, रामनिवास, जोखन मिले। रामनिवास ने बताया कि बाबू बंधो के रास्ते जाना बड़ी मुश्किल है। इसकी सुरक्षा को लेकर अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं।

आगे बढ़ने पर माधव नगर तुरकहियां गांव के सामने नदी पर के पुल के आगे दोनों तरफ बंधा नहीं बांधा गया है। जैसे ही भौरहियां नदी का जलस्तर बढ़ता है तो पुल डूब जाता है और नदी का पानी लक्ष्मीपुर खूर्द सिवान और माधव नगर तुरकहियां के सिवान में भर जाता है। दोपहर 12.15 बजे ठूठीबारी ग्राम सभा के टोला मरचहवां गांव के पूरब होकर बहने वाली चंदन नदी का जलस्तर कम हो गया था। रास्ते में मिले किसान रामचंद्र, श्रीराम ने बताया कि बांध की मरम्मत कई वर्षों से नहीं हुई है। राजाबारी, पजरफोरवां, भरगाही, लक्ष्मीपुर, नवडिहवां, खैरहवां जंगल, के सटे पूरब होकर बहने वाली झरही उर्फ प्यास नदी का तटबंध भी ठीक हालत में नहीं है। वहीं डगरुपुर, गांव के उत्तर पूरब होकर बहने वाली झरही उर्फ प्यास नदी डगरुपुर से पडियाताल जाने वाले मार्ग के तरफ कटान करना शुरू कर दिया है। सड़क के पूरब तरफ कटान स्थल की मरम्मत न होने से मुख्यमार्ग पर खतरा मंडराने लगा है। जिगिनिहवां ग्राम सभा के मल्लाह टोली, लोहार टोले के लोग भी सहमे हैं।

जलभराव अधिक दिन रहा तो बर्बाद हो जाएगी फसल ––किसान रामवृक्ष ने कहा कि इस वर्ष पहली बार चंदन, झरही व भौरहिया नदी के उफान किसानों के खेत में भर गांवों के तरफ अपना रुख कर लिया है। लक्ष्मीपुर खूर्द, भरवलियां, नौनियां, बसंतपुर, तुरकहियां, बोदना, मैरी, बकुलडीहा आदि गांवों के सिवान भर गया है। किसानों ने बताया कि जलभराव अधिक दिन रहा तो फसल पूरी तरह से चौपट हो जाएगी।

छह किमी बंधे से 12 से अधिक रेन कट– रोहिन नदी के बांधों का जायजा लिया गया। 6 किलोमीटर बंधे में 12 से रेन कट हैं। चट्टा टोला, चानकी घाट, जिनवापुर, आराजी जगपुर, समय माता स्थान पर बंधे जर्जर व कमजोर हो गए हैं।

इन स्थानों पर हैं जर्जर बंधो, बाढ़ की आशंका से सहमे लोगः रोहिन नदी के बंधे मरम्मत न होने के कारण जर्जर व कमजोर हो गए हैं। केवलापुर खुर्द के चट्टा टोला से अमहवा तक 6 किलोमीटर लंबे बंधे में चट्टा टोला, चानकी घाट, जिनवापुर, आराजी जगपुर, बीरबल टोला, आराजी सुबाइन, रघुनाथपुर, अमहवा, कुड़िया, सोनराडीह, कुड़िअहवा, भसहवा, सेमरहवा जर्जर हालत में हैं। बाढ़ आई तो यह बंधे टूट कर तबाही मचाएंगे।

जिले में जब भी बाढ़ आती है, 50 हजार आबादी होती है प्रभावित – जिले में जब भी बाढ़ आती है तो सदर व नौतनवा तहसील के सैकड़ों गांवों में करीब 50,000 की आबादी के लिए भारी तबाही लेकर आती है। बाढ़ से केवलापुर खुर्द, नाथनगर, बेलवाकाजी, बेलासपुर, जगपुर, सलामतगढ़, पिपरहवा, अवरहवा, आराजी सुबाइन, अमहवा, रानीपुर, बिनहा छावनी, कुड़िअहवा, तेरहो टोला, दनदनहवा, मछरिअहवा, नवडीहवा, सुबेदारपुर, बीरबल टोला, भसहवा, करम टीकर, नवाबी, मठिया ईदू, विसौवा, सोनराडीह, जिगिनिअहवा, मंगरहिया, कुड़िया, खालिकगढ़, बैरिअहवा, गौहरपुर, कोमरी टोला, तमकुहवा, मरचहवा, शनिचरहिया, सेमरहवा, रजापुर, तेंदुअहिया, कोदईपुर, गिदहा, रघुनाथपुर, झुंगवा, नाथनगर, चट्टा टोला आदि गांव बाढ़ से तबाह हो जाते हैं।

# सम्मान निधि के संदिग्ध खाताधारकों पर करें विधिक कार्रवाई

महराजगंज। किसान सम्मान निधि के सत्यापन में संदिग्ध मिलने वाले खाताधारकों पर विधिक कार्रवाई की जाए। योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को दिलाने के लिए तेजी भी लाई जाए। सभी विभाग बिजली के बकाया भुगतान को अविलंब जमा कराएं। अनुपस्थित रहने पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी का वेतन रोका। ये निर्देश जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कलक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए दिया। कृषि विभाग की समीक्षा में ई–केवाईसी, आधार सीडिंग और एनपीसीआई सत्यापन की जानकारी ली। उपनिदेशक कृषि ने बताया कि जनपद के 3,52,807 किसानों का ई–केवाईसी कराया जा चुका है। 4,14,248 किसानों की आधार सीडिंग और लगभग 4.30 लाख किसानों का एनपीसीआई सत्यापन भी किया जा चुका है। फसल बीमा के विषय मे जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 34,320 किसानों ने फसल बीमा के लिए पंजीकरण कराया है, जिस पर जिलाधिकारी ने इसे न्यूनतम 50 हजार करने का निर्देश दिया। गोल्डन कार्ड निर्माण में अपेक्षित प्रगति न होने पर सभी आशाओं के आईडी बनवाने और प्रत्येक आशा के लिए न्यूनतम एक गोल्डन कार्ड प्रतिदिन और बीसीपीएम के लिए 7500 कार्ड का लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया। एम्बुलेंस सेवाओं में कॉल विवरण लेकर जिन मामलों में श्श एंबुलेंस की आवश्यकता नहींश्श रिपोर्ट दर्ज की गई है, उनकी क्रॉस चेकिंग का निर्देश दिया। कायाकल्प योजना के तहत खराब प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय, डीएसटीओ अजय कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में डीएम ने राजस्व, कृषि, उद्यान और नगरीय निकायों को जियो टैगिंग का कार्य प्रत्येक दशा में 14 अगस्त तक पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## कमरे में लगा लोहे का फाटक उखाड़ ले गए चोर

देवरिया। खुखुंदू थाना क्षेत्र के नूनखार गांव में एक कमरे में लगा लोहे का कीमती फाटक चोर उखाड़ ले गए हैं। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। नूनखार गांव निवासी दीनबंधु मिश्र घर के पश्चिम खेत में एक कमरा बनवाए हैं। कमरे में खेती से संबंधित उपकरण रखा गया था। चोर कमरे का दीवार तोड़कर लोहे का कीमती फाटक उखाड़ ले गए हैं। उधर, परिजनों को घटना की जानकारी सुबह शौच करने गए लोगों के माध्यम से हुई। पीड़ित परिवार जब मौके पर पहुंचा तो देखा कि दीवार तोड़ी गई थी और फाटक गायब था। कमरे के अंदर घुसने पर उसमें रखा खेती का डिलेवरी पाइप और पंपिंग सेट का उपकरण भी गायब था। परिजनों का कहना है कि कमरे में रखे गए गेहूं भरे ड्रमों को भी चोर उठाने के लिए जोर आजमाइश किए हैं, लेकिन काफी वजन होने से उसे उठा नहीं पाए है। पीड़ित ने थाने पहुंच तहरीर दी है। पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। प्रभारी थानाध्यक्ष सुमित कुमार राय ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। जांच कर चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# आयुष्मान भारत योजना का लाभ हर पात्र लाभार्थी को कराया जाए उपलब्ध कमिश्नर

दैनिक बुद्ध का संदेश



गोरखपुर। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का गोरखपुर मंडल में अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले जो इसके असली हकदार हैं मंडलायुक्त अनिल ढींगरा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर गोरखपुर मंडल अन्य जनपदों की स्वास्थ्य विभाग व संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोरखपुर मंडल के पात्र लाभार्थी यो का अधिक से अधिक के आयुष्मान कार्ड बनाया जाए जिससे बीमारी मैं इस कार्ड का उपयोग कर पात्र लाभार्थी लाभ उठा सकें मंडल आयुक्त ने कहा कि सितंबर 2018 में शुरू की गई, इस आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी–पीएमजेएवाई) भारत सरकार द्वारा एक अभूतपूर्व स्वास्थ्य देखभाल पहल है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संरक्षण योजना के रूप में भी जाना जाता है, इसका उद्देश्य देश में 500 मिलियन से अधिक लोगों को सस्ती स्वास्थ्य सेवा पहुंच प्रदान करना है। अपनी व्यापक कवरेज और अनूठी विशेषताओं के साथ, एबी–पीएमजेएवाई लाखों कमजोर व्यक्तियों और परिवारों के लिए एक जीवन रेखा के रूप में उभरा है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लाखों भारतीयों की भलाई को प्राथमिकता देते हुए एक परिवर्तनकारी स्वास्थ्य सेवा पहल के रूप में उभरी है। वित्तीय सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करके, इस योजना ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों के लिए चिकित्सा खर्चों के बोझ को कम किया है। एबी–पीएमजेएवाई स्वास्थ्य समानता सुनिश्चित करने और राष्ट्र की समग्र स्वास्थ्य स्थिति को ऊपर उठाने के लिए सरकार के नेतृत्व वाले प्रयास का एक शानदार उदाहरण है। अपनी उल्लेखनीय प्रगति के साथ, यह योजना एक स्वस्थ और अधिक समावेशी भारत की नींव रखती है। इस दौरान सीडीओ संजय कुमार मीना डीएसओ रामेंद्र प्रताप सिंह सीएमओ आशतोष दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अनियंत्रित कार के मुख्य पश्चिम गंडक नहर में गिरने से दो की मौत, एक लापता

**नेबुआ नौरंगिया कुशीनगर** । रामकोला थानाक्षेत्र के दामोदरी पुल के पास बृहस्पतिवार की रात को एक अनियंत्रित कार के मुख्य पश्चिम गंडक नहर में गिर जाने से उसमें सवार चार लोगों में से दो की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति किसी तरह गाड़ी से निकलने में कामयाब रहा। वहीं एक व्यक्ति लापता हैं। चखनी भूमिहारी पट्टी निवासी भीम सिंह सपहा के पूर्व प्रधान राजन कुशवाहा की गाड़ी लेकर बृहस्पतिवार की रात को अपने मित्र बंधवा निवासी सुबोध मणी उसी गांव के गुड्डू यादव और बभनौली निवासी मनोज यादव के साथ 12 बजे रात को सिंगहा के तरफ जा रहें थे। रामकोला – सिंगहा मार्ग पर दमोदरी पुल के पास कार अनियंत्रित होकर मुख्य पश्चिम गंडक नहर में गिर गई। उसमें बैठे सुबोधमणी किसी तरह गाड़ी का शीशा तोड़ कर बाहर निकले। उन्होंने घटना की जानकारी लोगों को दिया। मौके पर रात को लोग पहुंचे लेकिन पानी अधिक होने से गाड़ी निकालने मे सफलता नहीं मिली। सुबह ग्रामीणों ने टैक्टर की मदद से कार को बाहर निकाला गया। उसमें बैठे दो व्यक्ति की मौत दम घुटने से मौत हो गई थी। जिनकी पहचान बंधवा निवासी गुड्डू यादव (28वर्ष) व बभनौली निवासी मनोज यादव (25वर्ष) के रूप में हुई हैं। कार चला रहे भीम यादव लापता हैं। इस सम्बन्ध में एसएचओ रामकोला अखिलेश सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पानी में लापता व्यक्ति की तलाश की जा रही है।



## पुलिस अधीक्षक ने महिला बी0पी0ओ0 के प्रशिक्षण मे अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश



**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा पुलिस कार्यालय के सभागार में जनपद के समस्त महिला बी0पी0ओ0 को आयोजित कार्यशाला में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु महिला बी0पी0ओ0 के कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।जैसे–महिला बी0पी0ओ0 के बीट संबंधी कार्यों का संक्षिप्त परिचय, महिला बी0पी0ओ0 के दायित्व,जांच संबंधी कार्य 107/116/151 सीआरपीसी संबंधी कार्यवाही एवं तामिला की प्रक्रिया,सुरागरसी–पतारसी, सत्यापन संबंधी कार्यों (पासपोर्ट, चरित्र)आदि के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।उक्त कार्याशाला मे अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह,प्रतिसार निरीक्षक वाचक पुलिस अधीक्षक पीआरओ,प्रभारी सीसीटीएनएस आदि सहित समस्त अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## पूनम विश्वकर्मा के गाए शिव तांडव को मिली प्रशंसा

लखनऊ। अभिनेता आशुतोष राणा और लोक गायिका मालिनी अवस्थी के बाद रावण–रचित शिव तांडव स्तोत्रम् का एक और हिंदी संस्करण बनाया गया है। इसे गायिका–गीतकार पूनम विश्वकर्मा के स्वर में रिकॉर्ड किया गया है। सोशल मीडिया पर इस शिव तांडव को बहुत अच्छी प्रशंसा मिल रही है। उन्होंने इसे पांच दिन पहले यू–ट्यूब चौनल पर अपलोड किया। पूनम विश्वकर्मा ने बताया कि सावन महादेव का प्रिय महीना माना जाता है, इसीलिए उन्होंने शिव तांडव को सावन के पांचवे सोमवार को अपलोड किया। उन्होंने रावण–रचित शिव तांडव के सभी 17 श्लोकों का भावार्थ बहुत ही सरल हिंदी में किया है। उन्होंने बताया कि वो शिव तांडव के भावार्थ पर पिछले छह महीने से काम कर रही थीं। संस्कृत न समझने वाले शिव–भक्तों के लिए शिव तांडव का हिंदी भावार्थ उपयोगी है। आगे बताया कि शिव तांडव का कॉन्सेप्ट पत्रकार हरिगोविंद विश्वकर्मा का है। इसकी धुन युवा संगीतकार अभिषेक पांडेय ने तैयार की है। शिव तांडव के वीडियो का निर्देशन धर्मेंद्र विश्वकर्मा और इसका निर्माण संजीव विश्वकर्मा ने किया है।

## खाद्य लाइसेंस भी बनवायें आबकारी अनुज्ञापी

लखनऊ । बैठक में डीएम ने निर्देशित किया कि इस वित्तीय वर्ष में आबकारी से सम्बन्धित प्रतिष्ठानों के नये खाद्य लाईसेंस लगभग 800 निर्गत किये गये थे तथा अब तक लगभग 300 प्रतिष्ठानों के नये खाद्य लाईसेंस निर्गत किये जा चुके है। जिला आबकारी अधिकारी लखनऊ को निर्देशित किया कि शेष प्रतिष्ठानों को जिनको आबकारी लाईसेंस निर्गत हो चुके है, सभी अपना खाद्य लाईसेंस भी बनवाने संबंधी आदेश निर्गत करें। जनपद में अब तक 30 संस्थानों (एसजीपीजीआई, विधान सभा सचिवालय, रिजर्व पुलिस लाईन, केजीएमयू, डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सा विज्ञान संस्थान, डा. शकुन्तला विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लू लू इण्डिया माल, वीवीआईपी गेस्ट हाउस, लखनऊ कैंसर हास्पिटल, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हास्पिटल (सिविल)) को ईट राइट कैम्पस के रूप में प्रमाणीकरण कराया जा चुका हैं। बताया कि जनपद में अभी 4 स्कूलों खुन–खुन जी गर्ल्स इण्टर कालेज चौक, गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कालेज, चारबाग, दिल्ली पब्लिक स्कूल जानकीपुरम व इन्दिरानगर शाखा को ईट राइट स्कूल के रूप में प्रमाणीकरण कराया जा चुका है। धार्मिक संस्थानों में हनुमान सेतु मंदिर, इस्कान मंदिर, गुरूद्वारा आशियाना, गायत्री शक्तिपीठ जानकीपुरम, गुरूद्वारा श्री गुरू तेग बहादुर साहब जी यहियागंज) को ब्लिसफुल हाईजेनिक आफरिंग टू गाड) कार्यक्रम के तहत सर्टिफिकेट निर्गत किया जा चुका है। रूमी दरवाजे के आस–पास तथा मोती झील मालवीय नगर के आस–पास निरीक्षण एक अन्य क्लीन स्ट्रीट फूड हब का विकास किया जाएगा। डीएम ने आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया की अभिसूचना अधारित अभियान चलाकर मिलावटखोरों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करे।

# दो शातिर लुटेरे व स्नैचर गिरफ्तार

## अलीगंज थाना क्षेत्र में बीते 8 अगस्त को हुई लूट का खुलासा

लखनऊ । क्राइम ब्रांच लखनऊ, क्राइम टीम डीसीपी उत्तरी व थाना अलीगंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा स्नैचिंग व लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर लुटेरे व स्नैचर को किया गया गिरफ्तार। साथ ही उनके पास से लूटी गयी एक चेन व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल सहित एक अवैध देशी तमंचा 315 व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है। पूछताछ में बताया कि आठ अगस्त को थानाक्षेत्र में इन्हीं के द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। डीसीपी उत्तरी एसएम कासिम आब्दी ने बताया कि आठ अगस्त को एक महिला द्वारा द्वारा लिखित तहरीर दिया गया कि दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कार्ड दिखाकर पता पूछते हुए उसके गले से चौन छीन कर भाग गये। उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना को संज्ञान मे लेकर त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस टीम गठित कर अल्प समय में ही घटना का अनावरण करने के क्रम मे पुलिस टीम के चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान मिल्लत नगर ढाल बन्धा रोड अलीगंज पर एक मोटर साइकिल पर दो व्यक्ति सवार आते हुए पुलिस टीम को देखकर गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास किये। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा घेरघार कर रोक लिया गया तथा नाम पता पूछा गया तो एक ने अपना नाम कमलेश तिवारी पुत्र स्व. शिवकुमार तिवारी निवासी आनंदी माता मंदिर के पास दौलतगंज ब्रहमी टोला थाना ठाकुरगंज व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम सुमित यादव पुत्र स्व. विश्राम यादव निवासी हैमिल्टन एकेडमी बीबी खेड़ा थाना पारा बताया। भागने का कारण पूछने पर कमलेश तिवारी उपरोक्त द्वारा बताया गया कि मेरे पास अवैध देशी तमंचा है।

आप लोगों से पकड़े जाने के डर से भाग रहे थे। परन्तु आप लोगों ने हमे पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्तियों की क्रमशरू नियमानुसार जामा तालाशी ली गयी तो कमलेश तिवारी उपरोक्त के पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद अवैध जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ तथा सुमित यादव उपरोक्त की जामा तलाशी से एक अदद टूटी हुई चेन पीली धातु बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये दोनो व्यक्तियों से बरामद चेन के सम्बन्ध मे कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि हम दोनों ने तीन दिन पहले त्रिवेणीनगर मे घर के सामने खड़ी एक महिला से पता पूछने के बहाने उसके गले से चेन छीन कर भाग गये थे, यह वही चेन है जिसे बेचने जा रहे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया। पुलिस इनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



# कार्यालय अधिशासी अभियंता

## नलकूप निर्माण खण्ड,गोरखपुर

पत्रांक–748/ ननिखगो/निविदा, दिनांक–05.08.2023

### मैनुअल् अल्पकालीन निविदा सूचना सं0–70/2023–24

राज्यपाल, महोदय की ओर से अधोलिखित कार्य हेतु मुहर बन्द निविदायें दिनांक 19.08.2023 को 12.00 बजे अपरान्ह तक विभाग में पर्जीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है जो उसी तिथी को 3.30 बजे अपरान्ह निविदातांओ अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र तथा कार्य से सम्बन्धित समस्त विवरण मुल्य जमा करने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में दिनांक 14.08.2023 से 19.08.2023 को 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। यदि निविदा प्रपत्र डाक द्वारा प्रेषित की जाती है तो निविदा विल्म्ब से पहुचने पर कोई उत्तरदायित्व इस कार्यालय का नही होगा। निविदा के साथ पंजीकृत प्रमाण–पत्र, जिलाधिकारी द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1), हैसियत प्रमाण प्रत्र (IDT–2), स्वघोषणा शपथ पत्र (IDT–3), के समस्त अभिलेखों को जमा करना होगा एवं निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि, एफ0डी0आर0 के रूप में, जो अधिशासी अभियंता, नलकूप निर्माण खण्ड, गोरखपुर के नाम बन्धक हो, पृथक–पृथक लिफाफे बन्द करके निविदा के साथ जमा करना आवश्यक होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक निविदा क़े साथ रू0 100.00 के जनरल स्टैम्प पेपर पर एक रूपया का राजस्व टिकट चिपका कर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर कर दारों की वैधता सम्बन्धी इकरारनामा संलग्न करना आवश्यक होगा। आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घटाई–बढाई जा सकती है, निविदा के साथ सम्बन्धित समस्त प्रपत्र हस्ताक्षर किये हुऐ होना चाहिए एवं अनुबन्ध के समय 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर के रूप में जो अधिशासी अभियंता, नलकूप निर्माण खण्ड, गोरखपुर के नाम बन्धक होगी, तथा नियमानुसार देय दर के अनुसार सटैम्प पेपर जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा दरें तीन माह तक बैध रहेगी।

| क्र0 स0 | कार्य का विवरण | अनुमानित मात्रा | निविदा की धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | 2- | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | खण्ड के नियंत्रणाधीन जनपद सिद्धार्थनगर ब्लाक नौगढ़ में 02 अद्द (औसतन गहराई 180 मी०) सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु 1.00 क्यूसेक क्षमता के 2100 नवीन राजकीय नलकूप परियोजना(सामान्य) के छिद्रण का कार्य(जी०एस०टी० नियमानुसार देय) | 02 अद्द | 7.30 लाख | 14616.00 | 300+जी0एस0टी0 नियमानुसार+500 | 04 माह | ए अथवा उच्च |

www.upgov.nic.in
upid-r.o.193165
date : 10-08-2023

(अधिशासी अभियंता)
नलकूप निर्माण खण्ड,गोरखपुर


## आंगनबाड़ियो का पांच सौ रुपए मानदेय बढ़ान वादा खिलाफी

लखनऊ। आंगनबाड़ियो का छह वर्षो में पांच सौ रुपए मानदेय बढ़ाना यह सरकार की वादा खिलाफी है। यह जानकारी शुक्रवार को आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष डॉ.वीना गुप्ता ने दी।उन्होंने पत्र जारी कर कहा कि बीजेपी ने चुनाव के दौरान संकल्प पत्र में सम्मान जनक मानदेय देने का वादा किया था, छः साल के कार्यकाल में सिर्फ 500 रुपए मानदेय बढ़ाए गया हैं। भाजपा की ऐसी ही घोषणाओं के कारण विधानसभा चुनाव में उसे जीत मिली। अब भारतीय जनता पार्टी अपने वादे से पीछे हट रही है। वहीं विधान परिषद में महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग की मंत्री बेबी रानी मौर्य द्वारा आंगनबाड़ियों के मानदेय में वृद्धि करने से साफ इनकार करने पर आंगनबाड़ियों में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया है। आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन की प्रदेश महामंत्री डॉ वीना गुप्ता ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 43 में भारत के हर मजदूर को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए वेतन देने का सरकार का दायित्व निर्धारित किया गया है।इसके बावजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मनरेगा से भी कम मानदेय का भुगतान किया जा रहा है। इस भीषण महंगाई में इतने कम मानदेय में अपने परिवार का जीवन चला पाना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश से तुलना की जाए तो उत्तर प्रदेश में आंगनबाड़ियों का मानदेय सबसे कम है। इसके पहले आंगनबाड़ियों का अपमान करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा था कि आंगनवाड़ी तो महज एक घंटे ही काम करती है और उसको जो मानदेय दिया जा रहा है वह पर्याप्त है

## सगड़ी के पूर्व विधायक की गोली मारकर हत्या करने का आरोपित गिरफ्तार

लखनऊ । सगड़ी के पूर्व विधायक सर्वेश सिंह सीपू की गोली मारकर हत्या करने के आरोपित अरविंद कश्यप उर्फ पिंटू निवासी कसरावल थाना मेंहनजर आजमगढ़ को एसटीएफ ने पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया है। बसपा के नेता रहे सर्वेश सिंह सीपू की हत्या वर्ष 2013 में 19 जुलाई को दिन दहाड़े गोली मारकर की गई थी। उक्त प्रकरण में वर्ष 2022 में 16 मार्च को हत्यारोपित ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुंटू समेत सात हत्यारों को गुनाह साबित होने पर उम्र कैद की सजा हो चुकी है।वारदात के बाद से ही एक लाख रुपये का इनामी और गोली मारने का आरोपित अरविंद कश्यप पुलिस को लगातार चकमा दे रहा था। इसलिए एसटीएफ वाराणसी भी उसकी गिरफ्तारी में लगी थी कि वह पंजाब के जनपद डाबा लुधियाना में हत्थे चढ़ गया। हत्या माफिया ध्रुव सिंह कुंटू के इशारे पर उसके अपराधिक गिरोह के सदस्यों ने की थी।एसटीएफ को अरविंद कश्यम के वेश बदलकर रहने की सूचना मिली थी। इसी के आधार पर एसटीएफ ने हत्यारोपी ईनामियां को गिरफ्तार करने में सफल रही।



## बुद्ध का संदेश

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।


## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

## अपर पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों के साथ किया बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश
सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा



थाना घोरावल के उम्भा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों, राशन डीलर व गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में ऑपरेशन .ष्टि के संबंध में बैठक कर वार्ता की गई। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा ऑपरेशन .ष्टि के बारे में बताते हुए जनता से आवश्यक सहयोग की अपेक्षा की गई। बताया गया कि ऑपरेशन .ष्टि के अंतर्गत संपूर्ण थाना क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरा से कवर किए जाने हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय से योजना चलाई गई है। ऑपरेशन .ष्टि के अतिरिक्त बैठक में उपस्थित लोगों को साइबर क्राइम, आर्थिक अपराध, महिला एवं बच्चों संबंधी अपराध तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करने आदि के विषय में बताया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा प्रचलित विभिन्न अपराधों के संबंध में टोल फ्री नंबर डायल 112, 1090 ,1098 ,1930 आदि के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। कालू सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा किए जाने वाले अपराधों के बारे में भी सचेत किया गया। क्षेत्राधिकारी घोरावल द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायतें अपनी ग्राम सुरक्षा समिति के तहत बैठक कर ग्राम की सुरक्षा के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरा से गांव को कवर किए जाने हेतु कार्य योजना बनाकर नियमानुसार कार्यवाही ग्राम पंचायतों द्वारा की जा सकती है। इस बैठक में क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार, प्रभारी निरीक्षक थाना घोरावल अंजनी कुमार राय तथा उम्भा चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मय पुलिस बल उपस्थित रहे ।बैठक का आयोजन उम्भा चौकी क्षेत्र के घुवास चौराहे पर किया गया। इस बैठक में क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार व तमाम लोग मौजूद रहे।

## नीति विरुद्ध स्थानांतरण करने को ले परिषद करेगा आंदोलन

### डिप्टी सीएम के आदेशों को दरकिनार कर हुआ तबादला

लखनऊ। स्वास्थ्य विभाग में नीति विरुद्ध कर्मचारियों व पदाधिकारियों के किए गए स्थानांतरण को लेकर परिषद में आक्रोश व्याप्त हो गया है। जिसमें स्थानांतरण सत्र समाप्त होने के बाद राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के कई पदाधिकारियों का स्वास्थ्य विभाग ने बदले की भावना से स्थानांतरण कर दिया है।शुक्रवार को परिषद ने बताया कि अपर मुख्य सचिव कार्मिक से वार्ता के उपरांत यह निर्णय लिया गया था,कर्मचारियों के पदाधिकारियों का स्थानांतरण निरस्त कर दिया जाएगा। परिषद ने प्रमुख सचिव व डीजी हेल्थ को फोन के माध्यम से अवगत कराने के बाद भी अभी तक पदाधिकारियों के स्थानांतरण निरस्त नहीं हुए हैं। जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि स्थानांतरण समाप्त होने के बाद स्वास्थ्य विभाग,परिवहन विभाग,बाल विकास पुष्टाहार विभाग,चिकित्सा शिक्षा के अधिकारियों ने बदले की भावना से अध्यक्ष,मंत्री का स्थानांतरण कर दिया गया है।इसी क्रम में परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा एवं प्रमुख उपाध्यक्ष सुनील यादव ने पदाधिकारियों के स्थानांतरण को नीतिविरुद्ध बताते हुए कहा कि जनपद के अधिकारियों से अर्ध शासकीय पत्र लिखवाकर एक साजिश के तहत परिषद के जनपद मेरठ के अध्यक्ष विपिन त्यागी व मंत्री राजीव का सहारनपुर व बदायूँ ,रायबरेली अध्यक्ष राजेश सिंह का तबादला जनपद सोनभद्र, हरदोई अध्यक्ष जेएन तिवारी का बदायू,बलरामपुर अध्यक्ष एमएम त्रिपाठी का मथुरा,सीतापुर मनोज दीक्षित का शाहजहांपुर किया गया है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों की सेवानिवृत्ति तिथि 2 वर्ष से कम होने के बावजूद स्थानांतरण नीति 23 के पैरा 12 और पैरा 5 का उल्लंघन किया गया। वीपी मिश्रा ने मुख्यमंत्री,डिप्टी सीएम बृजेश पाठक एवं मुख्य सचिव से आग्रह करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के स्थानांतरण सत्र के समाप्त होने के बाद किए गए स्थानांतरण को निरस्त कराने को निर्देशित करें।

# लीवर को प्राकृतिक रूप से डिटॉक्स करने के लिए आजमाएं ये 5 असरदार घरेलू नुस्खे




लिवर कुछ प्रोटीन, कोलेस्ट्रॉल और हार्मोन सहित कई महत्वपूर्ण चीजें बनाता है, जो शरीर के लिए आवश्यक हैं।आजकल बाजार में लिवर डिटॉक्स के नाम पर कई चीजें आ गई हैं, लेकिन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की कई स्टडीज में कहा गया है कि इनसे लिवर को कोई खास फायदा नहीं होता है।ऐसे में आइए आज हम आपको 5 ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें अपनाकर लीवर को प्राकृतिक रूप से डिटॉक्स किया जा सकता है।

ग्रीन टी पीएं

ग्रीन टी में कैटेचिन की अच्छी मात्रा होती है, जो लीवर को कई संक्रमणों से बचाने में मदद करती है।इसमें मौजूद एंटी–ऑक्सिडेंट इस अंग की डिटॉक्स प्रक्रिया को बढ़ावा देते हैं, जिससे मुक्त कणों के कारण होने वाले संभावित खतरों को खत्म किया जा सकता है।लीवर की कार्यक्षमता को मजबूत करने के लिए रोजाना 1 या 2 कप ग्रीन टी का सेवन करें।यहां जानिए ग्रीन टी से मिलने वाले लाभ।

हल्दी का करें उपयोग

हल्दी एक बेहतरीन घरेलू मसाला है, जो लीवर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकती है।विशेषज्ञों का मानना है कि रोजाना गर्म हल्दी वाला दूध पीने से लीवर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है और इसमें मौजूद एंटी–ऑक्सीडेंट पित्त उत्पादन में सहायता करते हैं, जो वसा का निर्माण को रोकते हैं।आप चाहें तो सुबह के समय एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच हल्दी और एक चुटकी काली मिर्च मिलाकर उसका सेवन भी कर सकते हैं।

डाइट में शामिल करें ताजे फल और सब्जियां

लीवर स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि डाइट में 40 प्रतिशत तक ताजे फल और सब्जियां शामिल करना लीवर के लिए लाभदायक है।ये एंजाइमों से भरपूर होते है, जो पाचन में मदद करते हैं और विषाक्त पदार्थों को निकालने के लिए लीवर की क्षमता को बढ़ाते हैं।सबसे ज्यादा पालक, पत्तागोभी और खट्टे फल खाना लीवर के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

गाजर, चुकंदर और पालक के जूस का करें सेवन

गाजर, चुकंदर और पालक प्राकृतिक रूप से लीवर क्लींजर हैं।गाजर बीटा–कैरोटीन से युक्त होती है, जो विटामिन–ए में परिवर्तित हो जाता है और लीवर के स्वास्थ्य में सुधार करता है।चुकंदर विषाक्त पदार्थों को तोड़ता है और लीवर को स्वस्थ बनाता है, जबकि पालक विषाक्त पदार्थों को हटाकर और इसकी समग्र क्षमता को बढ़ाकर लीवर को साफ करने के लिए पित्त उत्पादन को प्रोत्साहित करता है।ऐसे में तीनों सब्जियों का जूस बनाकर पीना लाभदायक है।

आंवला भी है प्रभावी

आंवला लीवर की प्रभावी रूप से कार्य में सहायता करता है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है।कई अध्ययनों के मुताबिक, यह हाइपरलिपिडेमिया (बहुत अधिक वसा) और मेटाबोलिक सिंड्रोम को भी कम करता है।इसके अतिरिक्त यह गुण फैटी लीवर से भी बचाता है, इसलिए आंवला इस स्थिति से जूझ रहे लोगों के लिए सबसे बेहतरीन है।आप अपने लीवर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए रोजाना आंवले का जूस पी सकते हैं।

## व्हाइट बॉडीकॉन ड्रेस पहन पूजा हेगड़े ने इंटरनेट पर लगाई आग, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ फोटोशूट

बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े आए दिन अपने फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस को अपने हुस्न का कायल करती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी



तारीफ करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में एक बार फिर से उनकी स्टाइलिश अदाएं देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस पूजा हेगड़े हमेशा अपनी बोल्ड और ग्लैमरस फोटोज इंटरनेट पर पोस्ट करती रहती हैं। एक्ट्रेस ने बेहद कम समय में लोगों के बीच अपनी एक खास पहचान बना ली है। अब हाल ही में एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने अपने  लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में पूजा हेगड़े ने व्हाइट कलर की सिंगल स्लीवलेस ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। ओपन कर्ली हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। पूजा हेगड़े सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी लंबी है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर जमकर लाइक करते हैं।






## अभिषेक बच्चन की घूमर का गाना जारी, 18 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म




बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन की अपकमिंग फिल्म घूमर को लेकर सुर्खियों में है। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ था। वहीं अब इस मूवी का टाइटल ट्रैक रिलीज हुआ है। जो रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। यह गाना विजुअल्स और जीत की एक मानवीय यात्रा का वर्णन करता है।

इस गाने को दीपाक्षी कलिता और अल्तमश फरीदी ने अपनी आवाज में गाया है। इस गाने के बोल कौसर मुनीर ने लिखे हैं। घूमर गाना पारंपरिक और कंटेम्पररी ट्यून्स को एक साथ लाता है, जो दर्शकों के दिल को छू लेने वाली धुन का वादा करता है। अभिषक ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर घूमर का गाना जारी किया है। इस फिल्म में अभिषेक एक क्रिकेट कोच की भूमिका में दिखेंगे।

फिल्म घूमर में अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर मुख्य भूमिकाओं में हैं। वहीं शबाना आजमी और अंगद बेदी अहम किरदार में हैं। यह अमिताभ बच्चन की एक कमेंटेटर के रूप में पहली फिल्म है।  फिल्म के ट्रेलर में उनकी भी झलक देखने को मिल रही है। अब उनका घूमर में कैमियो है या फिर वो सपोर्टिंग रोल में हैं, ये तो रिलीज के साथ ही पता चलेगा। यह फिल्म शिवेंद्र सिंह और इवांका दास की डेब्यू फिल्म है। फिल्म आर. बाल्की द्वारा निर्देशित और होप प्रोडक्शन और सरस्वती एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। घूमर 18 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## करण जौहर की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का नया गाना रो लैं दे जारी




28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है।इसमें रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की जोड़ी नजर आ रही है।फिल्म रिलीज के बाद अब निर्माताओं ने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का नया गाना रो लैं दे जारी कर दिया है, जिसे सोनू निगम और शिल्पा राव ने मिलकर गाया है।गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को पहले दिन से दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है।इस फिल्म के जरिए करण जौहर ने 7 साल बाद बतौर निर्देशक बड़े पर्दे पर वापसी की है।दुनियाभर में रॉकी और रानी... का कारोबार 300 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रहा है, वहीं भारत में फिल्म 110 करोड़ से अधिक की कमाई कर चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने अपनी रिलीज के 12वें दिन 4.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया। अब फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 117.78 करोड़ रुपये हो गया है।रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी जैसे दिग्गज कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लगभग 160 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है।

## कपड़ों से मेकअप के दाग हटाने के लिए आजमाएं ये 5 तरीके



अक्सर जब महिलाएं जल्दबाजी में मेकअप करती हैं तो यह कपड़ों पर भी गिर जाता है, जिससे कपड़े खराब लगने लगते हैं।इस समस्या से बचने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि मेकअप करते समय गले की तरफ से कपड़ों पर टिश्यू लगा लें ताकि उत्पाद कपड़ों पर न गिरे।इसके बावजूद अगर किसी भी कारणवश आपके कपड़ों पर मेकअप का दाग लग जाता है तो इन 5 तरीकों की मदद से आप इससे छुटकारा पा सकती हैं।

शेविंग क्रीम का करें उपयोगः शेविंग क्रीम का उपयोग कपड़ों से फाउंडेशन का दाग हटाने के लिए किया जा सकता है।इसके लिए कपड़े को ठंडे पानी से धोने या वॉशिंग मशीन में डालने से पहले क्रीम को लगभग 10 मिनट के लिए कपड़े पर लगाकर छोड़ दें।यह उपाय लिपस्टिक, लिक्विड आईशैडो या सीरम सहित किसी भी तेल–आधारित उत्पाद को कपड़ों से हटाने में भी मदद कर सकता है।यहां जानिए शेविंग क्रीम से जुड़े हैक्स। रबिंग अल्कोहल आएगा कामः अगर आपके किसी कपड़े पर किसी मेकअप उत्पाद का दाग लग गया है तो उसे छुड़ाने के लिए कॉटन बॉल या वॉशक्लॉथ पर थोड़ा रबिंग अल्कोहल डालें। इसके बाद इसे दाग से प्रभावित हिस्से पर हल्के हाथों से रगड़ें।यह तरीका मुख्य रूप से लिपस्टिक के दाग हटाने के लिए अच्छा है।हालांकि, अगर आपके पास रबिंग अल्कोहल नहीं है तो आप इसकी जगह एसीटोन या नेल पॉलिश रिमूवर भी आजमा सकते हैं।

ब्लो ड्रायर से भी दूर होगा दागः अगर कभी चेहरे पर लूज पाउडर का उपयोग करते समय यह गहरे रंग के कपड़ों पर गिर जाता है तो इस पर हाथ फेरने की गलती न करें।इस तरह से आपके कपड़े खराब हो सकते हैं। लूज पाउडर या फिर अन्य पाउडर आधारित उत्पादों को कपड़ों से हटाने के लिए ब्लो ड्रायर का उपयोग करना अच्छा है।लाभ के लिए ब्लो ड्रायर को कोल्ड सेटिंग पर सेट करके इसे थोड़ी दूर से कपड़े पर फहराएं। ब्लीच भी है प्रभावीः अगर आप किसी सफेद रंग के कपड़े से मेकअप के दाग हटाना चाहते हैं तो इसके लिए ब्लीच का उपयोग करना बेहतरीन है।लाभ के लिए कपड़े के दाग वाले हिस्से के पिछले हिस्से पर धीरे से थोड़ा ब्लीच लगाएं। अब कपड़े को रगड़ें नहीं, बल्कि कुछ देर के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद कपड़े को ठंडे पानी से धो लें। साबुन के पानी से भी होगा कामः अगर आपके पास ऊपर बताए गए उत्पादों में कुछ भी नहीं है तो आप साबुन के पानी की मदद से भी कपड़ों से मेकअप के दाग हटा सकते हैं।लाभ के लिए थोड़े से पानी में लिक्विड सोप घोलें, फिर इसे दाग वाले हिस्से पर डालकर हल्के हाथों से रगड़ें। इसके बाद कपड़े को पानी से साफ कर लें।वैकल्पिक रूप से आप इस काम के लिए डिशवॉशिंग लिक्विड या साबुन का भी उपयोग कर सकते हैं।